
LKS
दैनिक लोकतंत्र की शान
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com
दिल्ली से प्रकाशित
सोमवार 26 जनवरी 2026
लोकतंत्र का स्तंभ

# प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में भारत की परिवार व्यवस्था और परंपरा के महत्व को रेखांकित किया

## दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना भारत

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भारत की परिवार व्यवस्था और परंपरा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में इसे कोतुहल के साथ देखा जाता है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज की ताकत मिलने से हम बड़ी-बड़ी चुनौतियों को परास्त कर सकते हैं। 'मन की बात' के 130वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने परिवार व्यवस्था को बढ़ाने को लेकर यूएई में हो रहे प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने हाल ही में अपनी भारत यात्रा में उन्हें बताया कि वे अगला वर्ष परिवार के वर्ष के तौर पर मना रहे हैं। इसका मकसद है कि वहां के लोगों के बीच सौहार्द और सामूहिक भावना मजबूत हो । उन्होंने इस संदर्भ में गुजरात के चंदनकी गांव की सामुदायिक रसोई परंपरा का उल्लेख किया और इसे पारिवारिक और सामाजिक एकता का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, "गुजरात में बेचराजी के चंदनकी गांव की परंपरा






अपने आप में अनूठी है। .. यहां के लोग, विशेषकर बुजुर्ग, अपने घरों में खाना नहीं बनाते तो आपको हैरत होगी। इसकी वजह गाँव का शानदार सामुदायिक रसोई। इसमें एक साथ पूरे गांव का सबका खाना बनता है और लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं। बीते 15 वर्षों से यह परंपरा निरंतर चली आ रही है। इतना ही नहीं, यदि कोई व्यक्ति बीमार है तो उसके लिए टिफिन सेवा भी उपलब्ध है, यानि होम डिलिवरी का भी पूरा इंतजाम है। साथ ही सामुदिक भावना से किए गए सराहनीय प्रयास का उदाहरण देते हुए उन्होंने अनंतनाग में चले नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता अभियान को अपने कार्यक्रम में शामिल किया। उन्होंने बताया कि अनंतनाग के शेखगुन्ड गाँव में ड्रग्स, तंबाकू, सिगरेट और शराब से जुड़ी चुनौतियाँ काफी बढ़ गई थी। इन सबको देखकर यहां के स्थानीय मीर जाफ़र इतना परेशान हुए कि उन्होंने इस समस्या को दूर करने की ठान ली। उन्होंने गाँव के युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी को एकजुट किया। उनकी इस पहल का असर कुछ ऐसा रहा कि वहाँ की दुकानों ने तंबाकू उत्पादों को बेचना ही बंद कर दिया। इस प्रयास से ड्रग्स के खतरों को लेकर भी लोगों में जागरूकता बढ़ी है।

**सर्दियों में श्रीअन्न का जरूर करें सेवन** : प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में श्रीअन्न के प्रति बढ़ते जन-लगाव पर प्रसन्नता व्यक्त की और लोगों से सर्दियों में इसका सेवन जरूर करने की सलाह दी। तमिलनाडु और राजस्थान में महिला किसानों और एफपीसी द्वारा किए जा रहे नवाचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे स्वास्थ्य व आय दोनों के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने कहा, "श्रीअन्न अन्नदाताओं की कमाई बढ़ाने के साथ ही लोगों की स्वास्थ्य में भी सुधार की गारंटी बनता जा रहा है।

### भजन क्लबिंग जनरेशन जी के बीच हो रही लोकप्रिय

प्रधानमंत्री ने मन की बात में भक्ति और आधुनिकता के संगम 'भजन क्लबिंग' की युवाओं के बीच बढ़ती लोकप्रिय का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह भजनों की पवित्रता को बनाए रखते हुए आध्यात्मिकता को आधुनिकता के साथ जोड़ने का एक अद्भुत प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भजन और कीर्तन सदियों से हमारी संस्कृति की आत्मा रहे हैं। आज के युवाओं ने भक्ति को अपने अनुभव और अपनी जीवन-शैली में ढाल दिया है। इसी सोच से एक नया सांस्कृतिक चलन उभरकर सामने आया है। सोशल मीडिया में इसके वीडियो सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, "देश के अलग-अलग शहरों में बड़ी संख्या में युवा इकट्ठा हो रहे हैं। मंच सजा होता है, रोशनी होती है, संगीत होता है, पूरा ताम-झाम होता है और माहौल किसी कोनसर्ट से जरा भी कम नहीं होता है। .... लेकिन वहाँ जो गाया जा रहा होता है वो पूरी तन्मयता के साथ, पूरी लगन के साथ, पूरी लय के साथ भजन की गूंज। इस चलन को आज 'भजन क्लबिंग' कहा जा रहा है और यह खासतौर पर जेनजी के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने विदेशों में भारतीय संस्कृति की पहचान बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मलेशिया में भारतीय समुदाय के प्रयासों की सराहना की, जहां तमिल, तेलुगु और पंजाबी सहित भारतीय भाषाओं और संस्कृति को संरक्षित किया जा रहा है। 'मलेशिया इंडिया हेरिटेज सोसाइटी' के कार्यों का भी उल्लेख किया।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

# अमेरिका का आर्थिक संकट, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर खतरा



दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था माने जाने वाले अमेरिका की वित्तीय स्थिति गंभीर सवालों के घेरे में है। अमेरिकी ट्रेज़री से जिस तेज़ी के साथ विदेशी पूंजी की निकासी हो रही है, जिस अनुपात में नया निवेश नहीं आ रहा है उसने अमेरिका के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को अस्थिरता में धकेल दिया है। अमेरिकी प्रतिबंधों के डर और अमेरिका द्वारा कई देशों की संपत्तियों की जब्ती की कार्यवाही को देखते हुए दुनिया के कई देशों और निवेशकों ने अपना पैसा अमेरिका की ट्रेजरी से निकालना शुरू कर दिया है। अमेरिकी ट्रेजरी में बांड के रूप में किए गए निवेश को अधिकांश देश निकाल रहे हैं। वैश्विक स्तर पर यह आशंका व्यक्त की जा रही है, कि अमेरिका में रखा उनका पैसा अब सुरक्षित नहीं है।

अमेरिका पर सार्वजनिक कर्ज़ 34 ट्रिलियन डॉलर पर पहुँच चुका है। पिछले वर्षों में अमेरिकी ट्रेज़री में विभिन्न देशों की सरकारों और संस्थाओं का जमा लगातार घट रहा है। एक समय अमेरिका को सुरक्षित निवेश का सबसे बड़ा ठिकाना माना जाता था। अमेरिका द्वारा रूस, अफगानिस्तान और ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद उन देशों की संपत्ति और जमा राशि को जब्ती की कार्यवाही करके दुनिया के अन्य देशों के भरोसे को बड़ी चोट पहुँचाई है। नतीजतन, यूरोप, चीन, भारत सहित दर्जनों देशों ने अमेरिकी ट्रेज़री बॉन्ड से दूरी बनानी शुरू कर दी है। अमेरिका और ब्रिटेन में जो सोना अन्य देशों ने जमा करके रखा था, उसे भी अब वापस लाया जा रहा है। दुनिया के कई देशों ने अमेरिकी बांड से राशि निकालकर सोने के रूप में निवेश करने का नया विकल्प तलाश लिया है। सभी देश डॉलर मुद्रा में जमा धन सोने के रूप में कन्वर्ट करके अपने देश के सेंट्रल बैंक में सुरक्षित रख रहे हैं। जिसके कारण अमेरिका की आर्थिक स्थिति लगातार खराब हो रही है।

डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक व्यापार नीति, टैरिफ युद्ध, और बार-बार प्रतिबंधों की धमकी तथा मनमाने निर्णय लेने के कारण दुनिया के देशों में अमेरिका की विश्वसनीयता लगभग खत्म हो गई है। अमेरिका की टैक्स एवं आर्थिक नीति में अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक अमेरिका की ट्रेजरी में नए बॉन्ड खरीदने से हिचक रहे हैं। अमेरिका की ट्रेजरी में बहुत बड़ी राशि के पुराने बॉन्ड की समय-सीमा पूर्ण होने जा रही है। अमेरिका की ट्रेजरी पर बांड में जमा राशि लौटाने का दबाव बन रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी से धन की निकासी बड़े पैमाने पर हो रही है। ट्रेजरी से जिस राशि का भुगतान किया जा रहा है, उस भुगतान की राशि का 25 फ़ीसदी धन भी अमेरिकी ट्रेजरी में जमा नहीं हो रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी में जमा कम और निकासी अधिक होने से अमेरिका की अर्थव्यवस्था खतरनाक संकट की ओर आगे बढ़ रही है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM




## गणतंत्र दिवस पर 163 नदी रक्षक बनेंगे विशेष अतिथि

**नई दिल्ली**। इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड 2026 में एक अनूठी पहल की गई है। कर्तव्य पथ पर दर्शक दीर्घाओं के नाम देश भर में बहने वाली प्रमुख नदियों के नाम पर रखे गए हैं। इसी भावना को साकार करते हुए ब्यास, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चिनाब, गंडक, गंगा, घाघरा, गोदावरी, सिंधु, झेलम, कावेरी, कोसी, कृष्णा, महानदी, नर्मदा, पेन्नार, पेरियार, रावी, सोन, सतलुज, तीस्ता, वैगई और यमुना के नाम से जाना जाएगा। जल शक्ति मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग (डीओडब्ल्यूआर, आरडी एंड जीआर) के विशेष अतिथि के रूप में कुल 163 लोगों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें जल योद्धा भी शामिल हैं। ये विशेष अतिथि उत्तराखंड से 28, झारखंड से 10, बिहार से 40 और उत्तर प्रदेश से 85 हैं। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और भारतीय वन्यजीव संस्थान के संयुक्त सहयोग से कार्यरत गंगा प्रहरी—स्थानीय समुदायों से जुड़े प्रशिक्षित स्वयंसेवक—गंगा नदी की जैव विविधता संरक्षण, स्वच्छता, तथा निर्मल और अविरल धारा की बहाली के लिए कार्य कर रहे हैं। इनके साथ ही जलीय जीवों जैसे डॉल्फ़िन और कछुओं के संरक्षण में लगे निजी नागरिकों, गैर-सरकारी संगठनों तथा नदी संरक्षण और सामुदायिक आउटरीच से जुड़े लोगों को भी परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह विशेष अतिथि पहल न केवल सामुदायिक योगदान को मान्यता देती है, बल्कि ग्रामीण नागरिकों को कर्तव्य पथ पर राष्ट्रीय महत्व के ऐतिहासिक समारोह को प्रत्यक्ष देखने का अवसर भी प्रदान करती है।

## गणतंत्र दिवस 2026: गृह मंत्रालय की झांकी में 'दंड से न्याय' का संकल्प

**नई दिल्ली**। इस बार 77वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर गृह मंत्रालय की एक विशेष झांकी में तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन को प्रदर्शित किया जाएगा। गृह मंत्रालय के मुताबिक 1 जुलाई 2024 से लागू हुए इन कानूनों को इस सदी का सबसे बड़ा कानूनी सुधार माना जा रहा है। झांकी के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि भारत अब दंड आधारित औपनिवेशिक व्यवस्था से निकलकर 'न्याय' के भारतीय दर्शन को अपना चुका है। यह 'विकसित भारत' की आकांक्षा का एक सशक्त प्रतीक है। झांकी में भारत की आधुनिक, प्रौद्योगिकी-संचालित और नागरिक-केंद्रित न्याय प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को दिखाया जाएगा। इनमें डिजिटल साक्ष्य और ई-प्रणाली, इंटिग्रेटेड सिस्टम, मोबाइल फॉरेंसिक इकाइयां और महिला सशक्तिकरण शामिल होंगे। नए कानूनों की समावेशिता को दर्शाने के लिए झांकी में कुछ विशेष पहलुओं को जोड़ा गया है। इनमें न्याय के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पहली बार 'सामुदायिक सेवा' को शामिल करना (जो न्याय के प्रति एक प्रगतिशील और मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाता है), कानून की नई पुस्तकों का विभिन्न भाषाओं में प्रदर्शन करना (जो न्याय प्रणाली देश के हर नागरिक के लिए सुलभ और समझने योग्य है) और अदालती कार्यवाही में लगने वाले समय को कम करने के लिए तकनीक के उपयोग तथा वर्चुअल सुनवाई को प्रमुखता देना शामिल होगा।

## बसंत पंचमी से शुरु हुई ब्रज की होली, 40 दिन होगा रंगों का उत्सव

**नई दिल्ली**। ब्रज की होली शुरुआत बसंत पंचमी से हो चुकी है, जो श्रीकृष्ण की भूमि पर मनाए जाने वाले 40 दिवसीय रंगोत्सव का प्रतीक है। वृंदावन, बरसाना, नंदगांव और मथुरा में मनाया जाने वाला यह होली उत्सव अपनी भक्तिमय रीति-रिवाज, जीवंत परंपराओं और गहरी सांस्कृतियों को जोड़ने वाला माना जाता है। राधा-कृष्ण की अद्भुत लीलाओं से जुड़ा ब्रज क्षेत्र 40 दिनों तक रंगों और भक्ति में डूबा रहता है। मंदिर के आंगन से लेकर पतली गलियों तक हर कोने में होली की भावना पारंपरिक रूप से देखने को मिलती है। जानकारी के मुताबिक ब्रज में होली नई शुरुआत, भक्ति और खुशी का प्रतीक माना जाता है। खास रस्मों में मंदिर के अंदर होली का डंडा लगाना, जो उत्सव के रस्मों की शुरुआत का संकेत है।






खास खबर


# ठगी के मामले में राष्ट्रीय स्तर का शूटर गिरफ्तार




**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (साइबर सेल) यूनिट ने संगठित साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए राष्ट्रीय स्तर के शूटर और पदक विजेता खिलाड़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर करीब 40 लाख रुपये की साइबर ठगी रैकेट में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक आरोपित ने अपनी पहचान, प्रभाव और नेटवर्क का दुरुपयोग कर देशभर में फैले साइबर अपराधियों की मदद की। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान आगरा (उप्र) निवासीहिमांशु चौहान उर्फ शूटर के रूप में हुई है। हिमांशु राष्ट्रीय स्तर का शूटर है और उसने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं, जबकि 50 मीटर और 300 मीटर राइफल स्पर्धा में राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल भी हासिल कर चुका है। इसके बावजूद आरोपित ने खेल जगत की पहचान को दरकिनार करते हुए साइबर ठगी जैसे अपराध में खुद को शामिल कर लिया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच में सामने आया कि पीड़ित को फर्जी ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म, स्टॉक ट्रेडिंग और आईपीओ निवेश योजनाओं में मोटे मुनाफे का लालच देकर फंसाया गया। इसके बाद उससे आईएमपीएस, एनईएफटी और यूपीआई के जरिए रकम ट्रांसफर करवाई गई। अकेले 20 जून 2025 को ही 8 लाख की राशि एक म्यूल एक्सिस बैंक खाते में जमा कराई गई थी, जो इस साइबर ठगी सिंडिकेट से जुड़ा पाया गया। एनसीआरपी पोर्टल के विश्लेषण में इसी बैंक खाते से जुड़े 40 शिकायतें और बेंगलुरु तथा मुंबई (साइबर साउथ थाना) में दर्ज दो एफआईआर सामने आईं, जिससे इस गिरोह के पैन-इंडिया नेटवर्क का खुलासा हुआ। पुलिस पूछताछ में पता चला कि हिमांशु चौहान उर्फ शूटर इस गिरोह में अहम कड़ी के रूप में काम कर रहा था। वह लोगों को एक लाख प्रति खाते का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाता था, जिनका इस्तेमाल ठगी की रकम जमा करने में किया जाता था। बाद में ये खाते आगरा निवासी एक अन्य सहयोगी को सौंपे जाते थे, जहां से रकम की लेयरिंग और आगे ट्रांसफर किया जाता था। पुलिस का कहना है कि आरोपित और उसके सहयोगियों ने साइबर ठगी की रकम को छिपाने और घुमाने के लिए सुनियोजित तरीके अपनाए। अन्य फरार आरोपितों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है।

## वरिष्ठ पत्रकार मार्क टुली का दिल्ली में निधन, 90 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कार्पोरेशन (बीबीसी) के वरिष्ठ पत्रकार मार्क टुली का रविवार को निधन हो गया। वह लगभग 90 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती टुली के निधन की उनके करीबी मित्र और पत्रकार सतीश जैकब ने पुष्टि की।



मार्क टुली का जन्म 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने बीबीसी में लंबा कार्यकाल बिताया और करीब 22 वर्षों तक नई दिल्ली ब्यूरो प्रमुख रहे। स्वतंत्र पत्रकारिता में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई। टुली ने भारत से जुड़ी अनेक ऐतिहासिक घटनाओं को कवर किया, जिनमें प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का अंतिम संस्कार, इंदिरा गांधी के साक्षात्कार, ऑपरेशन ब्लू स्टार, राजीव गांधी की हत्या और अयोध्या विवाद शामिल हैं। लेखक और प्रसारक के रूप में भी टुली ने इंडिया इन स्लो मोशन, नो फुल स्टॉप्स इन इंडिया और द हार्ट ऑफ इंडिया जैसी चर्चित पुस्तकें लिखीं। बीबीसी रेडियो के कार्यक्रम समथिंग अंडरस्टुड के प्रस्तुतकर्ता के रूप में उन्होंने समाज, आस्था और मानवीय मूल्यों पर गहन चर्चा की। वह शेख मुजीबुर रहमान का साक्षात्कार लेने वाले शुरुआती पत्रकारों में रहे और 1977 में भारत लौटकर कई बार इंदिरा गांधी का साक्षात्कार किया। उन्होंने ऑपरेशन ब्लू स्टार से पहले जरनैल सिंह भिंडरावाले से बातचीत की और बाद में एसजीपीसी प्रमुख गुरचरण सिंह तोहरा का भी इंटरव्यू लिया। उन्होंने राजीव गांधी की हत्या, नरसिम्हा राव युग का आगमन और 1992 में अयोध्या विवादित ढांचा विध्वंस जैसी घटनाओं को रेडियो पर प्रस्तुत किया। टुली ने 'अमृतसरः मिसेज गांधीज लास्ट बैटल', 'द हार्ट ऑफ इंडिया' और 'इंडियाः द रोड अहेड' जैसी पुस्तकें लिखीं और कई डॉक्यूमेंट्री भी बनाई। उनके योगदान के लिए उन्हें 2002 में ब्रिटेन सरकार ने नाइटहुड की उपाधि दी, जबकि भारत सरकार ने 2005 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया।

# मतदान अभिव्यक्ति ही नहीं नागरिकों के विश्वास का प्रतीकः मुर्मू

लोकतंत्र की शान, डॉ.समरेंद्र पाठक,वरिष्ठ पत्रकार




**नयी दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज कहा कि मतदान केवल एक राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतीक है। श्रीमती मुर्मू यहां 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र की ताकत महज़ मतदाताओं की विशाल संख्या में नहीं बल्कि लोकतांत्रिक भावना की गहराई में निहित है। इस प्रक्रिया में यहां तक कि सबसे बुजुर्ग मतदाता, दिव्यांग मतदाता और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोग भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। उन्होंने जागरूक मतदाताओं और चुनाव आयोग के नेतृत्व में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी लोगों की सराहना की, जिन्होंने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि जनभागीदारी जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की भावना को व्यावहारिक रूप देती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने यह सुनिश्चित करने के मकसद से कई प्रयास किए हैं, ताकि इस अधिकार का प्रयोग करने से कोई भी मतदाता पीछे न छूट सके। उन्होंने कहा कि मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। चुनाव आयोग द्वारा इस वर्ष चुना गया विषय, "मेरा भारत, मेरा वोट भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में भारतीय नागरिक", हमारे लोकतंत्र की भावना को दर्शाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि मतदान केवल एक राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं है। यह चुनावों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतिबिंब है। यह नागरिकों के लिए अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त करने का एक माध्यम भी है। राष्ट्रपति ने कहा कि मतदान का अधिकार अहम है, लेकिन यह भी उतना ही ज़रुरी है,कि सभी वयस्क नागरिक अपने संवैधानिक कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। एल.एस.

## मुख्यमंत्री ने बदरपुर में 85 करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ



लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बदरपुर विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए आज 85 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बजट का आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलाव का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह उस परिवर्तन की शुरुआत है, जिसका सपना बदरपुर के लोगों ने वर्षों से देखा है। ओखला लैंडफिल को खत्म करने के लिए हमारी सरकार तेजी से काम कर रही है और क्षेत्र की जनता इस बदलाव की साक्षी है। उन्होंने कहा कि इस बजट का एक-एक रुपया जनता के हित में लगेगा। काम पारदर्शी होगा, समय पर पूरा होगा और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बदरपुर को स्वच्छ, सुरक्षित व आधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इस अवसर पर सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, मंगोलपुरी से विधायक राजकुमार चौहान सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 77वें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्र के नाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का संदेश - 26 जनवरी 2026

लोकतंत्र की शान, जीशान अली



मेरे प्यारे देशवासियों, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से, मैं आप सभी को 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। भारतीय संविधान को अपनाए हुए 77वे साल में हम प्रवेश कर रहे हैं। संविधान भारतीय गणतंत्र की आत्मा है। हम महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, मौलाना आज़ाद, सरोजिनी नायडू, बाबासाहेब डॉ. बी. आर. अंबेडकर और अनगिनत अन्य नायकों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं, जिनके अटूट समर्पण से भारतीय गणतंत्र को आकार मिला। हम संविधान सभा के सभी सदस्यों का स्मरण करते हुए उनके असाधारण ज्ञान और दूरदर्शिता के प्रति विनीत हैं. जिन्होंने एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ तैयार किया, जो विविधता में एकता के साथ हमारी आकांक्षाओं और सामूहिक इच्छा का प्रतीक है। हम अपनी सेना, अर्धसैनिक बलों और सुरक्षा प्रतिष्ठानों के हर सदस्य को दिल से सलाम करते हैं, जिनका अनुकरणीय साहस और बलिदान राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता की सतत रक्षा करता है। हम अपने वैज्ञानिकों और शिक्षकों के भी उतने ही आभारी हैं, जिनका राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान भारत की प्रगति को मजबूत करता है और ज्ञान, नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में हमारी स्थिति मजबूत करता है। हम अपने अन्नदाता किसानों के ऋणी हैं, जो श्रम से राष्ट्र का पेट भरते हैं और हर थाली तक भोजन पहुंचाते हैं। हम करोड़ों दिहाड़ी मजदूरों, श्रमिकों और गिग वर्कर्स के प्रति भी अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिनके अथक हाथों से भारत ईंट दर ईंट खड़ा होते आगे बढ रहा है। हम अपने कलाकारों, लेखकों और खिलाड़ियों की भी सराहना करते हैं। आज, करोड़ों मनरेगा मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों पर हमला हो रहा है। उनकी आजीविका छीनी जा रही है। जमीनी स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। वर्षों की मेहनत से बनाया गया अधिकार-आधारित सामाजिक कल्याण मॉडल तुगलकी फरमानों से खत्म किया जा रहा है।

## महामंडलेश्वर श्री श्री 108 श्री स्वामी विवेक नाथ महाराज ने कहा महान संत नवल नवल साहब के सिद्धांतों पद चिन्ह पर चले समाज

» नवल साहब की 243 वी जयंती के अवसर पर शोभायात्रा का भव्य दिव्य आयोजन किया गया




लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली** / वाल्मीकि समाज के महान संत नवल साहब की 243 वी जयंती समारोह दिल्ली के अंबेडकर भवन में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें वाल्मीकि समाज के महामंडलेश्वर श्री श्री 108 स्वामी विवेक नाथ महाराज ने वाल्मीकि समाज के तमाम भक्तों का आह्वान करते हुए कहा कि समाज महान संत नवल साहब के पद चिन्हों पर चलते हुए उनके सिद्धांतों का अनुसरण करें महान संत नवल साहब वाल्मीकि समाज के एक महान और क्रांतिकारी धर्मगुरु थे जिन्होंने समाज को नई दिशा दिखाई और समाज के उत्थान के लिए जीवन भर कार्य किया इस मौके पर महामंडलेश्वर कृष्ण शाह विद्यार्थी धर्मगुरु संत विराट नाथ जी महाराज, संत श्री रविनाथ जी महाराज, संत श्री ओम नाथ जी महाराज, प्राचार्य महंत गुरु जी राजू चंदेल सहित सैकड़ो संत महंत इस पावन मौके पर उपस्थित थे कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय नवल धर्म सभा दिल्ली प्रदेश द्वारा किया गया इस मौके पर मंच कासंचालन रामचरण गुजराती जी संजय टांक, एवं भाजपा के विधायक रविकांत उज्जैनवाल विशाल सांवरिया मुख्य रूप से उपस्थित थे

## गणतंत्र दिवस पर दिल्ली पुलिस के 33 जांबाजों को मिलेगा सम्मान

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। गणतंत्र दिवस–2026 के अवसर पर दिल्ली पुलिस के 33 अधिकारियों और जवानों को उनकी असाधारण बहादुरी, उत्कृष्ट सेवा और सराहनीय कार्यों के लिए प्रतिष्ठित पुलिस पदकों से सम्मानित किया जाएगा। दिल्ली पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन कर्मियों को 14 वीरता पदक, 2 राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक और 17 सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए जाएंगे।

**आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ जांबाज़ी की मिसालः**वीरता पदक पाने वाले अधिकारियों ने आतंकवाद, संगठित अपराध और खतरनाक अपराधियों के खिलाफ अपनी जान जोखिम में डालकर साहसिक कार्रवाइयों को अंजाम दिया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह, एसआई राजीव कुमार और एसआई शिबू आरएस को एक ए++ श्रेणी के वांछित आतंकवादी जावेद अहमद मट्टू को मुठभेड़ के बाद दबोचने के लिए वीरता पदक से नवाजा गया है। यह आतंकी 11 से अधिक आतंकी वारदातों में वांछित था और उसके पास से अत्याधुनिक हथियार, जिंदा कारतूस और चोरी की कार बरामद की गई थी। मुठभेड़ के दौरान एसीपी प्रमोद सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोली भी लगी, लेकिन टीम ने साहस नहीं छोड़ा और आतंकी को काबू में कर लिया। इसी तरह इंस्पेक्टर अमित नारा, एसआई ब्रजपाल कुशवाह, एसआई सतीश कुमार और एसआई उधम सिंह को कनाडा में बैठे खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला से जुड़े शार्प शूटरों को हथियार और हैंड ग्रेनेड के साथ पकड़ने के लिए वीरता पदक दिया जाएगा। इस कार्रवाई में पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग हुई, लेकिन सूझबूझ और बहादुरी से दो खतरनाक आरोपितों को दबोच लिया गया और एक बड़ी वारदात टल गई। इंस्पेक्टर निशांत दहिया, इंस्पेक्टर मंजीत जगलान और एसआई अमित भाटी को भी वीरता पदक के लिए चुना गया है। इन अधिकारियों ने एक मुठभेड़ के दौरान लाइव हैंड ग्रेनेड छीनकर न सिर्फ अपनी टीम बल्कि आम जनता की जान बचाई।

**राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदकः**राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक से सेवानिवृत्त एसआई गैनेंद्र सिंह राणा और महिला उप निरीक्षक नवल कुमारी को सम्मानित किया जाएगा। एसआई राणा ने अपने लंबे सेवाकाल में फिंगर प्रिंट ब्यूरो, ट्रैफिक यूनिट और दिल्ली पुलिस अकादमी में अहम योगदान दिया। वहीं डब्ल्यू/एसआई नवल कुमारी ने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और सीबीआई में प्रतिनियुक्ति के दौरान उल्लेखनीय कार्य किया।

**17 अधिकारियों को सराहनीय सेवा पदकः**सराहनीय सेवा पदक पाने वालों में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी मिलिंद महादेव डुंबेरे, एसीपी कृष्ण कुमार, एसीपी विमल चड्ढा, एसीपी निशा दीक्षित सहित कई इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर और एएसआई शामिल हैं। इन अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, तकनीकी नवाचार, ई-एफआईआर, साइबर अपराध नियंत्रण, वीवीआईपी सुरक्षा, प्रशासनिक दक्षता और संवेदनशील मामलों की सफल जांच के लिए चुना गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि ये सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों का प्रतीक हैं, बल्कि पूरी दिल्ली पुलिस बल की प्रतिबद्धता, साहस और सेवा भावना को दर्शाते हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इन जांबाज़ों का सम्मान राजधानी की सुरक्षा में दिन-रात जुटे पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाएगा और समाज में कानून के प्रति विश्वास को और मजबूत करेगा।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने की अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक, व्यापार व सुरक्षा पर हुई चर्चा




लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी कांग्रेस के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। बैठक में भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए व्यापार, सुरक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। साथ ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति और यूक्रेन युद्ध जैसे वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। यहां रविवार को हुई बैठक में अमेरिकी सांसद माइक रोजर्स, एडम स्मिथ और जिमी पैट्रोनिस शामिल थे। बैठक में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी मौजूद रहे। विदेश मंत्री एसजयशंकर ने बैठक के बाद 'एक्स' पर कहा कि अमेरिकी कांग्रेस के साथ बातचीत हमेशा से भारत-अमेरिका रिश्तों का अहम हिस्सा रही है। इस मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों, इंडो-पैसिफिक और यूक्रेन संघर्ष पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के बाद अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने 'एक्स' पर कहा कि यह बैठक बेहद उपयोगी रही और इसमें सुरक्षा, व्यापार और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया गया।

# दिल्ली सरकार ने की गणतंत्र दिवस पर कैदियों के लिए विशेष माफी की घोषणा

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली**। दिल्ली सरकार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पात्र दोषसिद्ध कैदियों को विशेष सरकारी माफी प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह माफी उन दोषसिद्ध कैदियों पर लागू होगी, जिन्हें दिल्ली के आपराधिक न्यायालयों से दंडित किया गया है। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने रविवार को बताया कि 65 वर्ष से अधिक आयु के कैदियों एवं महिला कैदियों के लिए माफी की सीमा इस प्रकार होगी — 10 वर्ष से अधिक की सजा पर : 90 दिन, 5 वर्ष से अधिक एवं 10 वर्ष तक की सजा पर : 60 दिन, 1 वर्ष से अधिक एवं 5 वर्ष तक की सजा पर : 30 दिन और 1 वर्ष तक की सजा पर : 20 दिन है। मंत्री सूद ने बताया कि अन्य सभी कैदियों के लिए माफी की सीमा इस प्रकार होगी। 10 वर्ष से अधिक की सजा पर : 60 दिन, 5 वर्ष से अधिक एवं 10 वर्ष तक की सजा पर : 45 दिन, 1 वर्ष से अधिक एवं 5 वर्ष तक की सजा पर : 30 दिन और 1 वर्ष तक की सजा पर : 15 दिन है। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह विशेष माफी दिल्ली जेल नियम, 2018 के अंतर्गत पहले से देय माफी के अतिरिक्त होगी। जो दोषसिद्ध कैदी 26.01.2026 को पैरोल या फरलो पर होंगे, वे भी इस माफी के पात्र होंगे, बशर्ते उक्त अवधि के दौरान उनके विरुद्ध कोई कदाचार दर्ज न हुआ हो। यह लाभ केवल उन्हीं कैदियों को दिया जाएगा, जिन्हें पिछले एक वर्ष अर्थात् 26 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2026 की अवधि के दौरान किसी भी जेल अपराध के लिए दंडित नहीं किया गया हो। गृह मंत्री ने आगे बताया कि कुछ श्रेणियों के कैदी इस विशेष माफी के पात्र नहीं होंगे। इनमें वे कैदी शामिल हैं जिन्हें मृत्युदंड दिया गया हो या जिनकी मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में परिवर्तित किया गया हो; निरुद्ध व्यक्ति, सिविल कैदी अथवा सरकारी बकाया की अदायगी से बचने के अपराध में बंद कैदी; एनडीपीएस अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम अथवा जासूसी से संबंधित अपराधों में दोषसिद्ध कैदी; कोर्ट-मार्शल द्वारा दोषसिद्ध, न्यायालय की अवमानना के दोषी, या भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 के अंतर्गत महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में दोषसिद्ध कैदी; परक्राम्य लिखत अधिनियम एवं अन्य निर्दिष्ट सिविल अपराधों में दोषसिद्ध कैदी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, गृह मंत्रालय द्वारा अधिसूचित "अपवाद" श्रेणियों में आने वाले मामले, जिनमें संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-I में उल्लिखित विषयों से संबंधित अपराध शामिल हैं, भी इस माफी के दायरे से बाहर होंगे।

# ऑपरेशन कवच-12.0 - 15 जिलों में 2348 जगहों पर एकसाथ छापे, 59 नशा तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था और मादक पदार्थों के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" नीति को सख्ती से लागू करते हुए दिल्ली पुलिस ने 'ऑपरेशन कवच-12.0' के तहत बड़ा अभियान चलाया। इस संयुक्त और समन्वित कार्रवाई में दिल्ली के सभी 15 जिलों, क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल की 1059 पुलिस टीमों ने 24 घंटे के भीतर 2348 स्थानों पर एकसाथ छापेमारी की। इस दौरान नशा तस्करों, संगठित अपराधियों और अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त सैकड़ों लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। दिल्ली पुलिस के मुताबिक यह अभियान 23 जनवरी 2026 की शाम 6 बजे शुरू होकर 24 जनवरी की शाम 6 बजे तक चला। ऑपरेशन के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 55 मामलों में 59 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनसे 31.21 ग्राम हेरोइन (स्मैक) और 30.750 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

**आबकारी, आर्म्स और जुआ अधिनियम में भी बड़ी कार्रवाईः**अभियान के दौरान दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत 231 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 238 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 50,110 अवैध शराब की क्वार्टर बोतलें, 31 बीयर कार्टन, 12 बीयर बोतलें और 12 शराब की बोतलें जब्त कीं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के आरोप में दिल्ली आबकारी अधिनियम की धारा 40 ए और बी के तहत 1,682 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में आर्म्स एक्ट के तहत 115 मामलों में 117 आरोपितों को दबोचा गया। इनके पास से 2 पिस्टल, 16 देशी कट्टे, 25 जिंदा कारतूस, 98 चाकू, 17 मोबाइल फोन और एक लाइसेंसी प्रतिबंधित हथियार बरामद हुआ। वहीं जुआ अधिनियम के तहत 149 मामलों में 261 लोगों को गिरफ्तार कर 3,51,730 नकद जब्त किया गया। इसके साथ ही 21 ऑटो लिफ्टरों को गिरफ्तार कर 33 चोरी के वाहन बरामद किए गए। 31 घोषित अपराधियों भगोड़े को भी इस अभियान में गिरफ्तार किया गया।

**हजारों पर निवारक कार्रवाईः**दिल्ली पुलिस ने निवारक कार्रवाई के तहत बीएनएसएस की धारा 126/170 के अंतर्गत 703 लोगों को गिरफ्तार किया, ताकि संभावित अपराधों को रोका जा सके। 4082 लोगों को प्रिवेंटिव कस्टडी में लिया गया, जबकि 65 डीपी एक्ट के तहत 25,300 लोगों को हिरासत में रखा गया। इसके अलावा 4545 बदमाशों (घोषित बदमाश) की गतिविधियों की जांच की गई और सिगरेट एवं तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत 4714 उल्लंघनकर्ताओं पर कार्रवाई की गई।

**ऑपरेशन कवचः नशे के खिलाफ निरंतर अभियानः**उल्लेखनीय है 'ऑपरेशन कवच' मई 2023 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य नशे के पूरे नेटवर्क—सड़क स्तर के पेडलरों से लेकर बड़े तस्करों—को तोड़ना था। अब तक इस अभियान के 11 चरण पूरे हो चुके हैं और 12वां चरण गणतंत्र दिवस से पहले चलाया गया। वर्ष 2025 में ही दिल्ली पुलिस ने 2,853 नशा तस्करों को 2,154 एनडीपीएस मामलों में गिरफ्तार कर भारी मात्रा में हेरोइन, गांजा, अफीम, चरस, कोकीन और नशीली गोलियां बरामद की हैं। इस अभियान के दौरान कई बड़ी कार्रवाइयां सामने आईं। क्राइम ब्रांच साइबर सेल ने 40 लाख की साइबर ठगी में शामिल राष्ट्रीय स्तर के शूटर हिमांशु चौहान उर्फ शूटर को गिरफ्तार किया। वहीं, द्वारका साउथ के आर्म्स एक्ट मामले में घोषित अपराधी अजय कुमार उर्फ सुखवा को पकड़कर उसके पास से 30 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसके अलावा बाहरी जिले की स्पेशल टास्क फोर्स ने 20 किलो से अधिक गांजा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने सुल्तानपुरी के एक वांछित नशा तस्कर को भी दबोचा।

**ग्राउंड लेवल पर दिखा असरः**दिल्ली पुलिस का कहना है कि 'ऑपरेशन कवच-12.0' का जमीनी स्तर पर व्यापक असर देखने को मिला है। सख्त कार्रवाई के चलते बड़े नशा तस्कर भूमिगत हो गए हैं और राजधानी में नशीले पदार्थों की सप्लाई में कमी आई है। पुलिस के अनुसार अब तस्कर बड़े ट्रकों की बजाय छोटे वाहनों, ट्रेनों और यहां तक कि महिलाओं व बच्चों को ढाल बनाकर नशा पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, जिस पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। दिल्ली पुलिस ने आम जनता, अभिभावकों, शिक्षकों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशामुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समाज और पुलिस को मिलकर काम करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

# राजपाल सैनी के नेतृत्व में सुना गया मन की बात कार्यक्रम



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुरः** रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 130 वां एपिसोड नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में उनके कैंप कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ध्यानपूर्वक सुना गया, इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणतंत्र दिवस, मतदाता दिवस, स्टार्टअप इंडिया आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की, बता ते चले कि पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के कैंप कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ता एकत्रत हुए और प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना, कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों को मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दी और बताया कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है इसके अलावा उन्होंने सोशल मीडिया पर भी चर्चा की और मोदी सरकार ने अपनी उपलब्धियां को साझा करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप विकसित हो चुका है, इस मौके पर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, अनिल गुर्जर, संजीव सैनी, राहुल सैनी, प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, राहुल प्रजापति आदि सहित दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे 1

## मंडल उपाध्यक्ष के आवास पर सामूहिक रूप से सुना गया मन की बात कार्यक्रम

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुरः** रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के लोकप्रिय जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात का 130वाँ एपिसोड मंडल उपाध्यक्ष पौरुष अग्रवाल के आवास पर एलईडी के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से सुना गया।

**प्रधानमंत्री जी के मन की बात के प्रमुख बिंदु —** राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी की शक्ति पर विशेष बल युवाओं की रचनात्मक भूमिका को देश का भविष्य बताया भारत की समृद्ध संस्कृति एवं विरासत के संरक्षण का आह्वान स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का संदेश आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने की प्रेरणा देशवासियों के परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच की सराहना प्रत्येक नागरिक द्वारा कर्तव्यों के निष्ठापूर्वक पालन से सशक्त भारत के निर्माण पर जोर इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष ममता शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष आम्रपाली गुर्जर, बूथ अध्यक्ष धर्मवीर सैनी, भाजपा नेता मयंक अग्रवाल, निशि अग्रवाल, अन्वय अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे 1

# बघरा दरगाह मे मनाया गया जश्न





**लोक तंत्र की शान**

आज दरगाह ए आलिया बाबुल हवाईज बघरा मे 3,4 शाबान जशने तमन्नाए अली बा-मुनासिब्बत विलादत बा-सआदत हज़रत अब्बास (अ० स०) और 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को धूम धाम से मनाया गया जश्न की शुरुवात मे क़ुरान की तिलावत डॉ हसन मेहंदी ने की और निज़ामत मज़हर मारुफी ने की इस बार भी इस प्रोग्राम मे हिंदुस्तान के मशहूर ओ मारूफ शायरो अपना अपना कलाम पेश किया आक़ा का मेरे हुक़्म ही सादीर नहीं मुझ पर तलवार तो सेक़ाल है मगर रोके हुए लशकर

**(नशतर सिरसिवी)**

▪ क़र्बला से क़बल मिलती है अबुतालिब के नाम

▪ क़र्बला के बाद है हर एक सदी अब्बास की

**(चांद फैजी साख्नवी)**

▪ उसको अलम के पास भी जाने का हक़ नहीं

▪ जो शख्स आपने भाई से मिलके दग़ा करे

**(उस्ताद अज़ादार बाक़री)**

▪ प्रचमे दीन पे शानो को कटाने वाले

▪ अब हज़ारो है अलम तेरा उठाने वाले

**(अरमान चारथवाली)**

जैसे नाम वर शोहरा ने आपने कलाम से नवाज़ा आरिफ बघरवी, साबिर अली इमरानी, कोसर केरनवी, अंजुम जाफरी, फरहान बनारसी, मासूम अमरोही, हकीम ज़रगम, अनवर पंजाबी, रौनक अली, नशतर सिरसिवी, मंज़ूर अब्बास, नग़मि कीर्तपुरी, यासुब गोपालपुरी, डॉ अहमद मिया कवाल, मुस्तक़ीम, फ़लक़, हैदर मुबारक, मंज़ूर अब्बास, जावेद छोलसी, जरी, मुनीर, शगीर, हैदर काज़मी, सभी शायरों ने अपने अपने कलाम से समाइन को नवाज़ा कमेटी के लोगो ने सभी का शुक्रिया अदा किया

## छात्रवृत्ति से सशक्त बने होनहार विद्यार्थियों का सम्मान, छात्रों ने भी सीएम योगी का जताया आभार

**लोकतंत्र की शान**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाएं हजारों जरूरतमंद और मेधावी विद्यार्थियों के जीवन में बदलाव की नई इबारत लिख रही हैं। इसी क्रम में रविवार को छात्रवृत्ति प्राप्त कर शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिवम चंद्र, श्रुति शुक्ला, अंकित यादव, सौमित्र यादव, मोहम्मद अनस अहमद एवं शुभम कुमार को सम्मानित किया गया, जिन्होंने छात्रवृत्ति का सदुपयोग कर न केवल अपनी पढ़ाई पूरी की, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज के लिए प्रेरणा भी प्रस्तुत की।

**योजना का लाभ पाकर श्रुति बनी कंप्यूटर सहायक**-कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए अपनी सफलता की कहानियां भी साझा कीं। उन्होंने सरकार की छात्रवृत्ति योजना को अपनी सफलता का महत्वपूर्ण हिस्सा करार दिया। सम्मानित छात्रा श्रुति शुक्ला ने कहा कि आज का दिन उनके और उनके परिवार के लिए अत्यंत गर्व का दिन है। उन्होंने वर्ष 2020 में अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी। उस दौरान सरकार द्वारा प्रदान की गई छात्रवृत्ति ने उन्हें आर्थिक संबल दिया, जिससे वह अपनी पढ़ाई को सुचारू रूप से पूर्ण कर सकीं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम में कंप्यूटर सहायक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाज कल्याण विभाग को देते हुए आभार व्यक्त किया।

# 6 बच्चों ने किया कुरान मुकम्मल, हुई दस्तार बंदी



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुरः** रविवार को नगर में कुरान मुकम्मल करने वाले 6 बच्चों की दस्तार बंदी कर उन्हें सम्मानित किया गया, बताते चले कि नगर के लाल बाग रेतिया वाली मस्जिद में 6 हाफिजो हुई दस्तार बंदी किया कुरान मुकम्मल,कुरान मुकम्मल करने वालों में हाफिज मोहम्मद समीर,मोहम्मद कासिम,मोहम्मद उमर फारूक ,मोहम्मद माआज,मोहम्मद अदनान,मोहम्मद मुर्शीद, इस मौके पर हाफिज मोहम्मद नवाब, मुफ्ती उबैदुर रहमान, मुफ्ती मुशव्वर, मुफ्ती शानू मौलाना अकरम,मौलाना फारूक, मौलाना ताहिर, सभासद शाहनवाज अंसारी, हाजी राजा हाजी शब्बीर अंसारी, चमन अंसारी,मास्टर नूरुद्दीन, डॉक्टर परवेज अंसारी आदि लोग मौजूद रहे 1

# असमोली विधानसभा के मवाई डोल में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की ज़ोरदार नुक्कड़ सभा, जिला पंचायत चुनाव को लेकर भरा जोश

**लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी**



**संभल/** असमोली विधानसभा क्षेत्र के गांव मवाई डोल में जिला पंचायत चुनाव को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) द्वारा एक भव्य नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में बड़ी तादाद में स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही और माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आया। सभा के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के मुख्य महासचिव जनाब शमीम अहमद तुर्क रहे। उन्होंने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि एआईएमआईएम मजलूमों, कमजोरों और पिछड़े तबकों की सशक्त आवाज़ है और जिला पंचायत चुनाव में पार्टी की जीत जनता के हक़ और विकास की जीत होगी। इस अवसर पर एआईएमआईएम ज़िला अध्यक्ष जनाब असद अब्दुल्ला , नगर पालिका परिषद संभल के चेयरमैन पति जनाब चौधरी मुशीर अली ख़ान नगर अध्यक्ष मोहम्मद मेहरान नौशाही तुर्क हाफ़िज़ मुनव्वर , मास्टर उमर हाफ़िज़ इस्लाम सहित कई प्रमुख नेता और सामाजिक हस्तियां मौजूद रहीं। सभा को संबोधित करते हुए चेयरमैन पति चौधरी मुशीर अली ख़ान साहब ने कहा कि एआईएमआईएम केवल चुनावी पार्टी नहीं बल्कि इंसाफ़, बराबरी और तरक़्क़ी की तहरीक है। उन्होंने कहा कि संभल और असमोली क्षेत्र के अवाम की बुनियादी समस्याओं — सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य — को हल कराना उनकी प्राथमिकता है और वे हर मंच से जनता की आवाज़ बुलंद करते रहेंगे। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि वे हमेशा मज़लूमों, ग़रीबों और पिछड़े तबकों के साथ खड़े रहे हैं और आगे भी रहेंगे। उनके इस जज़्बाती और बेबाक बयान पर सभा में मौजूद लोगों ने ज़ोरदार तालियों और नारों के साथ समर्थन जताया। सभा में एआईएमआईएम के जिला पंचायत प्रत्याशी जनाब सलीम का भी जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि उन्हें सेवा का अवसर मिला तो क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। दीगर उलमा-ए-कराम और गणमान्य नागरिकों ने भी सभा को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम को मजबूती देने और आगामी जिला पंचायत चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सभा के अंत में उपस्थित जनसमूह ने "एआईएमआईएम ज़िंदाबाद" और "चौधरी मुशीर अली ख़ान ज़िंदाबाद" के नारों के साथ पार्टी के पक्ष में एकजुटता का प्रदर्शन किया और आने वाले चुनाव में पार्टी को निर्णायक समर्थन देने का संकल्प लिया।

## गोरखपुर शहर को जल्द मिल जाएगी दूसरी मल्टीलेवल पार्किंग

**लोकतंत्र की शान , गोरखपुर।** कारोबार और जीवन सुगमता के लिहाज से गोरखपुर में योगी सरकार द्वारा विकास कार्यों की तैयार कराई गई श्रृंखला में जल्द ही एक और उपलब्धि जुड़ जाएगी। शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र घंटाघर में आमजन के लिए सुगम आवागमन और व्यापारियों की सहज कारोबारी गतिविधियों को संचालित करने के लिए शहीद बंधु सिंह पार्क में मल्टीलेवल पार्किंग एवं कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। स्वातंत्र्य समर के अमर बलिदानी बंधु सिंह की स्मृति को समर्पित यह मल्टीलेवल पार्किंग व कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स अगले माह (फरवरी) के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। यह गोरखपुर शहर की दूसरी मल्टीलेवल पार्किंग होगी। उल्लेखनीय है कि गोलघर में एक मल्टीलेवल पार्किंग पहले से संचालित है।

**प्रमुख कारोबारी क्षेत्रों में शुमार है घंटाघर**-गोरखपुर का घंटाघर क्षेत्र अर्से से पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रमुख कारोबारी इलाकों में शुमार है। यहां न केवल गोरखपुर बल्कि आसपास के अन्य जिलों, बिहार और नेपाल के सीमाई इलाकों के लोग और कारोबारी खरीदारी करने आते हैं। पुरानी बसावट होने के कारण इस क्षेत्र की सड़कें ट्रैफिक लोड के हिसाब से संकरी थीं। हालांकि, धर्मशाला बाजार से पाण्डेयहाता तक विरासत गलियारा का निर्माण पूर्ण होने के बाद सड़कें चौड़ी हो जाएंगी। सड़क चौड़ीकरण के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से घंटाघर में जाम की समस्या के निजात के लिए मल्टीलेवल पार्किंग का भी निर्माण कराया जा रहा है। इस बहुमंजिला पार्किंग के भवन में दुकानें भी बन रही हैं जो कारोबारियों के लिए बोनस रूप में होंगी। मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण से घंटाघर, माया बाजार, हिंदी बाजार आदि प्रमुख बाजारों में पार्किंग की समस्या दूर होगी। साथ ही, यहां लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी

**85 प्रतिशत कार्य हो चुका है पूरा**-कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय यूनिट 19 से मिली जानकारी के अनुसार घंटाघर स्थित शहीद बंधु सिंह पार्क में मल्टीलेवल पार्किंग एवं कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण 27.26 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।




## "साहस यात्रा" के माध्यम से स्वास्थ्य और राष्ट्रसेवा का संदेश

**लोकतंत्र की शान : गोरखपुर।** "रहें स्वस्थ, करें देश विकास" और "स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा" के संदेश को आत्मसात करते हुए नेशनल मेडिकोज़ ऑर्गेनाइज़ेशन, गोरक्ष प्रांत द्वारा आयोजित "साहस यात्रा" का भव्य शुभारंभ रविवार को बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर के शैक्षणिक ब्लॉक से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम कुमार जायसवाल ने झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना कर किया। इस अवसर पर एनएमओ गोरख प्रांत के सचिव डॉ. अमित सिंह, डॉ. पी.एन. सिंह (अध्यक्ष, एनएमओ बी.आर.डी. इकाई), डॉ. अखिलेश्वर धर दुबे सहित एम्स गोरखपुर के फैकल्टी सदस्य भी गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात लगभग 125 छात्र एवं शिक्षक साइकिलों के अनुशासित काफिले के साथ साहस यात्रा में सम्मिलित हुए।




# झम्मनलाल पीजी कॉलेज मे मतदाता जागरूकता दिवस पर दिलाई गई शपथ

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर :** रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत झम्मनलाल पीजी कॉलेज हसनपुर में उप जिलाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष गोपाल सक्सेना, प्राचार्या डॉ शमा परवीन,डॉ हृदेश व समस्त स्टाफ मौजूद रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार ही नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य भी है इसके द्वारा हम योग्य नेता का चुनाव कर सकते हैं । कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### राजद नेताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती बड़े ही धूमधाम से के साथ मनाई




**लोकतंत्र की शान : सुमन सिंह कटिहारः कटिहारः** राजद नेताओं ने शनिवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन और उनके कार्यों को याद किया। कार्यक्रम के दौरान राजद नेताओं ने कर्पूरी ठाकुर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर राजद नेता राजेश कुमार उर्फ लाखो यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर एक सच्चे देशभक्त और समाजसेवी थे जिन्होंने अपना जीवन वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। वहीं राजद नेता समरेंद्र कुणाल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर हम उनके योगदान को याद करते हैं और उनके आदर्शों को हम सभी को अपने जीवन में उतारने का संकल्प ले।उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के दिखाए मार्ग पर चलकर हम समाज के उत्थान के लिए काम कर सकते हैं। इस मौके पर राजद कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

### रणजी ट्रॉफी 2026-27, बिहार जीतेगा प्लेट ग्रुप का खिताब!, मणिपुर अभी 342 रन से पीछे

**लोकतंत्र की शान :पटना।** रणजी ट्रॉफी 2026-27 के प्लेट ग्रुप फाइनल मुकाबले का आज आखिरी दिन है। आज बिहार टीम खिताब अपने नाम कर सकती है, क्योंकि मणिपुर अभी बिहार से 342 रन पीछे है। बिहार ने अपनी पहली पारी में 135.5 ओवर में 522 रन बनाया। वहीं, मणिपुर अपनी पहली पारी में 264 रन पर ऑल आउट हो गयी। बिहार ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 2 विकेट के नुकसान पर 84 रन बना लिए हैं। आज बिहार अपना खेल जारी रखेगी। आज के मैच जीतने के बाद बिहार एलीट ग्रुप में पहुंच जाएगा। मणिपुर टीम की ओर से रोनाल्ड एम ने 79 रन बनाए, जबकि जॉटिन 25, उल्लेनाई 26 और जॉनसन 34 रन बनाया। बिहार की गेंदबाजी ने लगातार दबाव बनाए रखा। सूरज कश्यप ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए 16.1 ओवर 5 मेडन 34 रन 3 विकेट झटके। वहीं, हिमांशु सिंह ने दो सफलताएं अर्जित की। आकाश राज अभी 12 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। पहली पारी में बिहार के कप्तान सक्रिल गनी ने 108 और बिपिन सौरभ ने 143 रन की प्रभावी पारी खेल कर टीम को मजबूत स्थिति तक पहुंचा दिया है। बिहार टीम को पहली पारी के शुरुआती ओवरों में कुछ विकेट गंवाने पड़े। हिमांशु सिंह और पियूष कुमार सिंह जल्दी पवेलियन लौट गए, जबकि मंगलमय महरौर ने 43 रन और आकाश राज ने 101 गेंदों पर 50 रन बनाकर पारी को संभाला। मणिपुर की ओर से गेंदबाजी में रेक्स और जोतिन फेइरोइजाम ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि अन्य गेंदबाजों ने भी अनुशासित लाइन और लेंथ के साथ प्रयास किया।

### बेतिया, बगहा समेत 5 जिलों में घना कोहरा

**लोकतंत्र की शान : पटना।** बिहार के कई जिलों में मौसम सामान्य बना हुआ है। हालांकि, मौसम विभाग ने प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के चलते 11 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। वहीं, पटना और दक्षिण बिहार के कुछ इलाकों में बादल छाए रह सकते हैं। इधर, रविवार को बिहार के 5 जिलों में सुबह-सुबह घना कोहरा देखने को मिला। बेतिया, बगहा, गोपालगंज समेत 5 जिलों में विजिबिलिटी 100 मीटर के आसपास थी। पछुआ हवा के चलते प्रदेश में हल्की ठंड की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों तक ठंड में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होगी। हालांकि, रात के तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव देखा जा सकता है। 24 घंटे में सबसे ठंडा भागलपुर रहा। यहां का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल उत्तर भारत में मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है। इस कारण बिहार में मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं हो रहा है। उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं कमजोर पड़ गई हैं, जिससे ठंड का प्रभाव सीमित बना हुआ है। इसी कारण दिन में तापमान बढ़ रहा है, जबकि रात और सुबह के समय हल्की ठंड बनी हुई है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक राज्य के मौसम में इसी तरह की स्थिति बनी रहेगी। वैज्ञानिकों के अनुसार वातावरण में नमी कम है, जिस वजह से कोहरे का असर भी सीमित क्षेत्रों तक ही रह रहा है। राजधानी पटना में मौसम सामान्य बना रहेगा। दिन में हल्की धूप खिली रहेगी, जिससे तापमान में बढ़ोतरी होगी। सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का असर महसूस किया जा सकता है। कोहरे का असर हल्का और सीमित रहेगा। पटना में न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

### मुजफ्फरपुर में 5 साल की बच्ची से रेप

**लोकतंत्र की शान : मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के मुसहरी थाना क्षेत्र में 5 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (SKMCH) में एडमिट कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मां ने बताया कि घर से थोड़ी दूर पर पुराना ईंट भट्ठा है। जहां गांव के बच्चे खेलते हैं। पड़ोसी सुजीत कुमार उर्फ शुकुल (22) मेरी बच्ची को बहला-फुसलाकर भट्ठा के पास ले गया। उसने वहां गलत काम किया। लड़की के बेहोश होने पर उसे वहीं छोड़कर मेरे घर पर पहुंचा। कहा कि आपकी बेटी गड्ढे में गिर गई है। उसे चोट लगी। दौड़ते हुए परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। काफी ज्यादा ब्लीडिंग हुआ है। स्टेबल कर रहा है, थोड़ा समय लगेगा। अभी पर कोशिश है कि जल्द बच्ची ठीक हो जाए। डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (FSL) की टीम को भी बुलाया। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए हैं। पुलिस फिलहाल प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया में जुटी है। डीएसपी पूर्वी-2, मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुसहरी पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। पीड़ित परिवार को न्याय का आश्वासन देते हुए कहा कि स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### मुजफ्फरपुर पहुंचे मोहन भागवत, आज करेंगे झंडोत्तोलन, गोष्ठी में भी होंगे शामिल

**लोकतंत्र की शान : मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 2 दिवसीय प्रवास पर मुजफ्फरपुर पहुंच चुके हैं। उनके आगमन को लेकर संघ कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है। दौरे के दौरान वे सामाजिक समरसता का संदेश देंगे और गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर संघ के प्रांत कार्यालय में तिरंगा फहराएंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार, मोहन भागवत मुजफ्फरपुर-दरभंगा फोरलेन स्थित गरहां के एक रिसॉर्ट में आयोजित एक विशेष 'सामाजिक सद्भाव गोष्ठी' में शामिल हो रहे हैं। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद स्थापित करना और राष्ट्र निर्माण में सबकी सहभागिता बनाना है। संघ प्रमुख इस दौरान 'समाज परिवर्तन में सज्जन शक्ति की भूमिका' विषय पर अपना उद्बोधन देंगे। कल यानी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर मोहन भागवत मुजफ्फरपुर के कलमबाग चौक स्थित उत्तर बिहार प्रांत कार्यालय 'मधुकर निकेतन' में सुबह 9:00 बजे झंडोत्तोलन करेंगे।

# तेजस्वी यादव राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने

## रोहिणी बोलीं- जिम्मेदारी संभालने वाले अपने गिरेबान में झांकें, मुंह छिपाने की बजाय जवाब दें

**लोकतंत्र की शान , पटना**



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को RJD का राष्ट्रीय कार्यकारी (कार्यवाहक) अध्यक्ष बनाया गया है। पटना के होटल मौर्य में RJD की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भोला यादव ने प्रस्ताव रखा, जिसपर सभी नेताओं ने सहमति जताई। बैठक में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, मीसा भारती, संजय यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस बैठक में बिहार चुनाव में मिली हार पर भी चर्चा हुई, जिसपर तेजस्वी ने कहा कि हमें सबकुछ भूलकर आगे बढ़ना है। उन्होंने अपने भाषण के दौरान कहा कि या तो नरेंद्र मोदी के चरण में रहिए या फिर उनसे लड़िए। चाचा जी तो चरण में चले गए हैं, वीडियो सबने देखा होगा, लेकिन हम नहीं झुकेंगे। राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा, 'तेजस्वी यादव जब पद पर नहीं थे, तब भी काफी अच्छा काम कर रहे थे। अब और ज्यादा बढ़िया से कम करेंगे। सबको मिलकर संगठन को मजबूत करना है। आगे सबको लड़ना है और जीतना है। इधर, तेजस्वी के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर रोहिणी ने तंज भरे लहजे में शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने X पर लिखा, 'गिरोह-ए-घुसपैठ की कठपुतली बने शहजादे को ताजपोशी मुबारक...।'

**पहले से अहम फैसले ले रहे हैं तेजस्वीः** तेजस्वी यादव पहले से ही पार्टी के अधिकतर महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। संगठनात्मक मामलों से लेकर राजनीतिक रणनीति तक उनकी भूमिका लगातार मजबूत होती जा रही है। पार्टी के भीतर भी उन्हें भविष्य के नेता के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि विधानसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम करने वाले नेताओं पर कार्रवाई को लेकर भी बैठक में गंभीर चर्चा हो सकती है। कार्यकारिणी की बैठक में इस मुद्दे पर ठोस और सख्त निर्णय लिए जाने की संभावना जताई जा रही है।

## कटिहार में धूमधाम से मनाया गया 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस



**लोकतंत्र की शान, सुमन सिंह कटिहार**

**कटिहारः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में डी०आर०सी०सी० भवन में रविवार को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय पूर्व उपमुख्यमंत्री-सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद जो 63-कटिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उप निर्वाचन पदाधिकारी कटिहार पवन कुमार पासवान ने किया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग के विडियो संदेश का प्रसारण किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और आम नागरिकों को निर्वाचन में मताधिकार के प्रयोग का शपथ ग्रहण कराया। इस अवसर पर बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य निर्वाचक सूची में निर्वाचकों के पंजीकरण में वृद्धि लाना एवं मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना और निर्वाचन को समावेशी, सुगम और सहभागितापूर्ण बनाना है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी०एल०ओ०, पर्यवेक्षक, कार्यपालक सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कटिहार जिला में मतदान का प्रतिशत अव्वल रहने के कारण तत्कालीन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी और अन्य पदाधिकारियों को Best Electoral Practices Award के लिए चयनित किया गया है।

## वैशाली पुलिस ने 24 घंटे में 20 आरोपी किए गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान , हाजीपुर**




♦ **विदेशी शराब, नशीले पदार्थ और बाइक बरामद**

वैशाली जिला पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों से 20 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन गिरफ्तारियों में मुख्य रूप से विदेशी शराब तस्करी के मामले शामिल हैं, साथ ही गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी भी पकड़े गए हैं। पुलिस के अनुसार, जिले के वैशाली, पातेपुर, तिसिऔता, सराय, हरलोचनपुर, गरौल, सदर, जुडावनपुर, करतॉहा, बेलसर, महिसौर, गंगाब्रिज, बलिगॉव और महुआ सहित विभिन्न थानों में यह अभियान चलाया गया। अधिकतर मामले बिहार निषेध अधिनियम की धारा 37(सी) के तहत विदेशी शराब के अवैध कब्जे, उत्पादन या तस्करी से संबंधित हैं।

**02 बाइक और 07 मोबाइल फोन जब्त किएः** गरौल थाना क्षेत्र में एक कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 07 लीटर विदेशी शराब और एक बाइक बरामद की। वैशाली थाना में बीएनएसएस एक्ट के तहत एक मामले में 02 बाइक और 07 मोबाइल फोन जब्त किए गए। करतॉहा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत नशीले पदार्थों (5.90 ग्राम कोटा) की तस्करी के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 03 मोबाइल और एक बाइक भी बरामद हुई।

## बिहार पुलिस के डीजी कुंदन सहित 3 को गैलेंट्री अवार्ड केंद्रीय गृह मंत्रालय से 22 पुलिसकर्मियों को सम्मान

**लोकतंत्र की शान , पटना**



गणतंत्र दिवस 2026 के मौके पर बिहार पुलिस के अधिकारियों और जवानों को तीनों श्रेणियों में दिए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से इसकी आधिकारिक घोषणा गणतंत्र दिवस के ठीक एक दिन पहले कर दी गई है। बिहार पुलिस के अफसरों और जवानों को मिलाकर कुल 22 लोगों के नामों की घोषणा की गई है। गैलेंट्री मेडल के लिए सीनियर IPS कुंदन कृष्णन समेत 3 अधिकारियों, प्रेसिडेंट मेडल के लिए 2 और मेरिटोरियस सर्विस के लिए 17 लोगों के नामों की घोषणा की गई है।

**3 गैलेंट्री मेडल, 2 प्रेसिडेंट मेडल की घोषणाः** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बिहार पुलिस के डीजी ऑपरेशन कुंदन कृष्णन को गैलेंट्री मेडल से सम्मानित करने की घोषणा की है। उनके साथ सब-इंस्पेक्टर अर्जुन लाल और कॉन्स्टेबल जितेंद्र सिंह को भी यह सम्मान मिलेगा। यह सम्मान उन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवा और बहादुरी के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा पुलिस सेवा के लिए प्रेसिडेंट मेडल (राष्ट्रपति पदक) के लिए बिहार पुलिस के डीएसपी उमेश लाल रजक और सब-इंस्पेक्टर नवरत्न कुमार के नामों की घोषणा की गई है।

**17 पुलिसकर्मियों को विशिष्ट सेवा पदकः** केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से मेरिटोरियस सर्विस मेडल (विशिष्ट सेवा पदक) के लिए बिहार पुलिस के कुल 17 अधिकारियों और जवानों का चयन किया गया है। इनमें IG दलजीत सिंह, AIG राजीव रंजन-2, कमांडेंट अजय कुमार पांडेय,

❑ **2 प्रेसिडेंट मेडल, 17 विशिष्ट सेवा पदक मिलेंगे**

डीएसपी शैलेश मिश्रा, हेड कॉन्स्टेबल संजय कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर मो. एनुल हक, एएसआई नागेंद्र पांडेय, हेड कॉन्स्टेबल सुकरा उड़ाव, हेड कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र कुमार, कॉन्स्टेबल मनोज कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर ऋषिकेश कुमार, सब-इंस्पेक्टर मनोज कुमार, हेड कॉन्स्टेबल जवाहर लाल मंडल, हेड कॉन्स्टेबल उमेश कुमार सिंह, हेड कॉन्स्टेबल ओम प्रकाश, हेड कॉन्स्टेबल मो. रफी और सब-इंस्पेक्टर निक्कू कुमार सिंह शामिल हैं।

**पुलिस महकमे में उत्साह का माहौलः** इन सम्मानों की घोषणा के बाद पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल है। गणतंत्र दिवस के मौके पर चयनित अधिकारियों और जवानों को उनकी उत्कृष्ट सेवा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है।

## नेशनल वोटर्स डे पर निकाली जागरूकता पदयात्रा, युवाओं ने लिया मतदान का संकल्प

**लोकतंत्र की शान , हाजीपुर**



राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वैशाली के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, चकसिकंदर के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को एक पदयात्रा निकाली। इस पदयात्रा के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। यह आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के 'मेरा युवा भारत' अभियान का हिस्सा था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'माय भारत, माय वोट' संदेश के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस पहल के तहत युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों का राजदूत बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के संयोजक और महाविद्यालय के युवा कार्यक्रम अधिकारी प्रो. निशांत नीलय ने बताया कि इस आयोजन में 'माय भारत' के स्वयंसेवकों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मुख्य गतिविधियों में परिसर से पदयात्रा, पहली बार के मतदाताओं का सम्मान, मतदाता जागरूकता पर संवाद, शपथ ग्रहण और जनसंपर्क गतिविधियाँ शामिल थीं।

प्रो. नीलय ने इस अवसर पर कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में युवाओं की सहभागिता राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने जोर दिया कि युवाओं को जागरूक और सशक्त बनाना लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। उन्होंने आगे बताया कि इस पहल का लक्ष्य युवाओं को मतदान के प्रति संवेदनशील बनाना, मतदाता पंजीकरण और सूची सुधार के लिए प्रोत्साहित करना तथा जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों को पुष्ट करना है। पदयात्रा का नेतृत्व बीटेक के विद्यार्थी प्रकाश कुमार और अमृतांशु बच्चन ने किया। इस दौरान युवाओं ने सामूहिक नागरिक सहभागिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेश का व्यापक प्रसार किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता को शारीरिक फिटनेस और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ते हुए इसे एक जन-आंदोलन का रूप देने का प्रयास किया गया।

### शकील अहमद बोले, राहुल गांधी डरपोक पॉलीटिशियन हैं

## कहा- वे मजबूत कांग्रेसियों से खतरा महसूस करते हैं, उन्हें सिर्फ बॉस वाली फीलिंग चाहिए

**लोकतंत्र की शान , पटना**



बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे चुके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री डॉ. शकील अहमद ने राहुल गांधी को लेकर एक बड़ी बात कही है। उन्होंने राहुल गांधी को एक डरपोक पॉलिटिशियन बताया है और कहा कि वह मजबूत कांग्रेसियों से डरते हैं। उन्हें बॉस वाली फीलिंग चाहिए। राहुल गांधी मानते हैं कि कांग्रेस पार्टी केवल उनके परिवार की है। डॉ. शकील अहमद के इस बयान से सियासत में सरगर्मी है।

**सोनिया गांधी की कांग्रेस को राहुल गांधी अपना नहीं बना पाएः** डॉ. शकील अहमद ने कहा कि मैं कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए शशि थरूर को वोट देना चाहता था, लेकिन जब मैंने देखा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी के वफादार खरगे जी के लिए वोट मांगें जा रहे हैं, तो मैंने अपनी इच्छा के विरुद्ध खरगे साहब को वोट दिया, क्योंकि मैं अपना वोट बर्बाद नहीं करना चाहता था। मैं सोनिया गांधी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। उन्होंने राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, सीताराम केसरी के कांग्रेस का समावेश अपने कांग्रेस में कर लिया। मगर बदकिस्मती से राहुल गांधी सोनिया गांधी की कांग्रेस को भी अपना कांग्रेस नहीं बना पाए।

**राहुल गांधी लोकप्रिय नेता को खतरा मानते हैंः** सोनिया गांधी प्रेसिडेंट रहते हुए देश भर के कांग्रेस नेताओं से मिलतीं थीं। उनसे राय मशवरा करके उनका विचार जानतीं थीं। मगर राहुल गांधी सिर्फ फिल्टर्ड लोगों से मिलते हैं। पिछले 5 वर्षों में मैंने राहुल गांधी से मिलने का समय नहीं निकाला क्योंकि मैं उनसे निराश था।

राहुल गांधी मानते हैं कि कांग्रेस पार्टी केवल उनके परिवार की है। राहुल गांधी लोकप्रिय नेताओं से कभी नहीं मिलते क्योंकि उन्हें उनसे खतरा महसूस होता है। दूसरी पार्टी से आए लोग कांग्रेस के महत्वपूर्ण पद पर हैं, क्योंकि उनकी पार्टी में पकड़ नहीं है और राहुल गांधी कभी भी उनको उखाड़ कर फेंक सकते हैं।

**कांग्रेस में कोई इंटरनल डेमोक्रेसी नहींः** उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस में कोई इंटरनल डेमोक्रेसी नहीं है, जो राहुल गांधी ने कह दिया वही कानून है। राहुल गांधी ने यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई को साथ रखा है, ताकि पुराने लोगों को रिप्लेस करके यहां से नेता ला सके। राहुल गांधी से कैंडीडेट्स डरे रहते हैं। उन्हें यह डर सताता है कि राहुल गांधी क्या बोल देंगे कि उसे संभालते संभालते पूरा इलेक्शन निकल जाए।

## बिना अनुमति बाली घूमने गईं सहायक निदेशक

**लोकतंत्र की शान , पटना**



बिहार राज्य योजना पर्षद की सहायक निदेशक शालिनी कुमारी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सरकार से अनुमति लिए बिना ही वह पति के साथ एक सप्ताह विदेश घूमने इंडोनेशिया के बाली चली गईं। जब वह लौटी तो उन्हें विभाग ने कारण बताओ नोटिस थमाया है। योजना एवं विकास विभाग ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिनों के अंदर जवाब देने के लिए कहा है। ऐसा नहीं करने पर विभाग ने उनका पक्ष जाने बिना कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे अब उनकी नौकरी पर संकट मंडरा रहा है। शालिनी कुमारी 67वीं बैच की अफसर हैं और 2024 में योजना विकास पदाधिकारी के तौर पर नौकरी ज्वाइन की है।

**पूरा मामला क्या है?ः** योजना एवं विकास विभाग की ओर से दी गई नोटिस में कहा गया है कि शालिनी कुमारी ने 17 दिसंबर से 24 दिसंबर 2025 तक विदेश यात्रा (बाली, इंडोनेशिया) के लिए 11 अक्टूबर 2025 को टिकट बुकिंग की थी। इसके दो महीने के बाद 12 दिसंबर 2025 को यानी विदेश प्रस्थान के दो कार्य दिवस पहले विभागीय अनुमति के लिए आवेदन आपके द्वारा बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना को दिया गया। विदेश से वापस आने के बाद 26 दिसंबर 2025 के दोपहर आपके द्वारा अपने पदस्थापित कार्यालय में ज्वाइन किया गया है। योजना एवं विकास विभाग ने शालिनी कुमारी के इस कदम को गंभीर अनुशासनहीनता माना है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26: पटना नगर निगम डेस्कटॉप असेसमेंट में फाइव स्टार रेटिंग के लिए क्वालीफाई

**लोकतंत्र की शान , पटना**



♦ **अब अगला टारगेट फील्ड असेसमेंट**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए पटना नगर निगम पूरी तैयारियों में लगा हुआ है। मार्च में सर्वे के लिए केंद्रीय टीम पटना आएगी। यह सर्वे देश के प्रमुख शहरों की स्वच्छता रैंकिंग तय करेगी। इस क्रम में पटना नगर निगम ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पटना नगर निगम ने डेस्कटॉप असेसमेंट में फाइव स्टार रेटिंग के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब अगला चरण फील्ड असेसमेंट का होगा। डेस्कटॉप असेसमेंट नगर निगम के स्वयं किए गए कार्यों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर होता है। इसके बाद फील्ड में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, अपशिष्ट जल प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं की वास्तविक स्थिति के आधार पर रैंकिंग दी जाती है।

**रेड स्पॉट और येलो स्पॉट पर विशेष विशेष नजरः** फील्ड असेसमेंट के दौरान रेड स्पॉट और येलो स्पॉट पर विशेष अंक कटते हैं। इसे देखते हुए पटना नगर निगम ने सख्ती बढ़ाई है। खुले में शौच करने, गंदगी फैलाने और पान-तंबाकू थूकने वालों पर 500 रुपए तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है। ऐसे लोगों को 'नगर शत्रु' की श्रेणी में रखा गया है। आईसीसीसी और निगम की टीमें प्रमुख स्थानों पर लगातार निगरानी कर रही हैं।

**गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डिब्बों में डालने का निर्देशः** नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए कई निर्देश दिए हैं। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन को मजबूत करने के लिए प्रतिदिन घर-घर कचरा उठाव का निर्देश दिया गया है। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डिब्बों में एकत्र किया जा रहा है। पिछले सर्वेक्षण में इसी पॉइंट पर अंक कटे थे, जिसे ध्यान में रखते हुए इस बार विशेष तैयारी की गई है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए हर वार्ड में नगर मित्र के चयन की प्रक्रिया चल रही है।

**दीवारों पर पेंटिंग, डिवाइडर का रंग-रोगन कराया जा रहाः** दीवारों पर पेंटिंग, सड़कों की सफाई, डिवाइडर का रंग-रोगन और सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। सभी अंचलों में व्यापक सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। नालों और बैकलेन की सफाई कराई जा रही है। इसके साथ ही कचरा पॉइंट को खत्म किया जा रहा है और अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर उसे घूमने योग्य स्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**पटना को पिछले साल मिला था 21वां स्थानः** इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण की थीम 'स्वच्छता की नई पहल–बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रखी गई है। कुल 12,500 अंकों के आधार पर रैंकिंग तय होगी। साल 2024-25 में पटना को 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में 21वां स्थान मिला था, वहीं गार्बेज फ्री सिटी में तीन स्टार की रेटिंग प्राप्त हुई थी।

खास ख़बर

## सोनीपतः राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर साई में साइकिल यात्रा निकाली



**लोकतंत्र की शान : सोनीपत।** सोनीपत में राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रविवार को फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत बहालगढ़ स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण साई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में संडेज ऑन साइकिल यात्रा रविवार को निकाली गई। उन्होंने कहा कि युवाओं में शारीरिक सक्रियता के साथ लोकतांत्रिक जागरूकता को बढ़ावा देना उद्देश्य है। विधयक गहलावत ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। जब युवा स्वस्थ रहते हुए अपने लोकतांत्रिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होते हैं, तभी सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। ऐसे कार्यक्रम स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के साथ मतदान जैसे नागरिक कर्तव्य के प्रति प्रेरित करते हैं। यह सम्मान युवाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग करेगा और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका को रेखांकित करेगा। युवा निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करें। कार्यक्रम के दौरान प्रथम बार के मतदाताओं को सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य विशेषकर प्रथम बार के मतदाताओं को मतदान के महत्व से जोड़ना है। स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार युवा किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला होते हैं। फिटनेस और मतदान जागरूकता को एक साथ जोड़ने से युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित होती है। साई केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. शिवम शर्मा ने कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ युवा ही देश की वास्तविक ताकत हैं। साइकिल यात्रा में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने फिट इंडिया, मायभारत और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं जैसे संदेशों के माध्यम से जागरूकता फैलाई। साइकिल यात्रा के साथ पदयात्रा भी निकाली गई, जिसमें युवाओं, खिलाड़ियों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

## पानीपतः विवाहिता का शारीरिक शोषण कर ससुरालियों घर से निकाला , मामला दर्ज




**लोकतंत्र की शान : पानीपत।** पानीपत के समालखा में एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर शारीरिक शोषण और जबरन घर से निकालने व धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगाए हैं। विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मृत्यु के बाद उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने उसको नरकीय जीवन जीने पर मजबूर कर दिया। पुलिस के अनुसार महिला की शादी साल 2021 में रोहतक निवासी राहुल के साथ हुई थी। साल 2024 में एक सड़क दुर्घटना में राहुल की मौत हो गई, जिसके बाद नेहा अपने मायके आ गई। आरोप है कि उसके सास-ससुर ने बेहतर भविष्य का झांसा देकर उसे वापस ससुराल बुलाया और जून 2025 में उसकी शादी उसके देवर अंकित के साथ हिंदू रीति-रिवाजों से करवा दी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद अंकित ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन कुछ समय बाद उसे पत्नी मानने से इनकार कर दिया। अंकित ने बहला-फुसलाकर उससे 3 लाख रुपए भी ले लिए, जो उसे अपने दिवंगत पति के इंश्योरेंस क्लेम के मिले थे। इसके बाद भी ससुराल वाले मायके से और पैसे लाने का दबाव डालने लगे। महिला को बाद में पता लगा कि अंकित के किसी दूसरी लड़की के साथ अवैध संबंध हैं, जो घर आकर उसे अपना पति बताती थी। हद तो तब हो गई जब महिला की सास कृष्णा ने उस पर अपने अविवाहित जेठ अमित के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो जेठ अमित, ससुर रामकरण, और देवर अंकित ने मिलकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर उसे 3 साल के मासूम बच्चे के साथ धक्के मारकर घर से निकाल दिया। थाना समालखा पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गणतंत्र दिवस से पहले मिशन चंडाक के तहत पिथौरागढ़ में वृहद स्वच्छता अभियान




**लोकतंत्र की शान : पिथौरागढ़।** सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में रविवार को 77वें गणतंत्र दिवस से एक दिन पहल जिला प्रशासन ने मिशन चंडाक के तहत पूरे जनपद में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, पर्यटक क्षेत्रों और बाजारों में बड़े पैमाने पर साफ-सफाई की गई। अभियान के दौरान कूड़ा-कचरा हटाया गया, झाड़ियों की कटाई की गई और नालियों की सफाई कर सार्वजनिक स्थलों को व्यवस्थित किया गया। जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई के नेतृत्व में प्रशासन, एसएसबी, नगर निकायों एवं विभिन्न विभागों ने एकजुट होकर शहर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान संचालित किया। जिलाधिकारी ने अभियान में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस पर स्वच्छ और सुंदर पिथौरागढ़ जिले की पहचान बने, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता को भी प्राथमिकता दी जा रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं, कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर नगर निगम पिथौरागढ़ की महापौर कल्पना देवलाल, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, एसएसबी 55वीं वाहिनी के कमांडर आशीष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और जवान मौजूद रहे।

## फर्जी शंकराचार्यों और कालनेमियों के खिलाफ दिग्विजय यात्रा निकालेंगे स्वामी गोविन्दानंद



**लोकतंत्र की शान : हरिद्वार।** देश में कुकुरमुत्तों की तरह पनप रहे फर्जी शंकराचार्यों और कालनेमि भगवाधारियों के खिलाफ स्वामी गोविन्दानंद सरस्वती महाराज दिग्विजय यात्रा का आरम्भ करने जा रहे हैं। यह यात्रा कर्नाटक प्रदेश के हंपी स्थित पंपा सरोवर किष्किन्धा से शुरू होगी। स्वामी गोविन्दानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि इस यात्रा के शुभारम्भ का पंपापुर किष्किन्धा से आरम्भ करने का एकमात्र मकसद यह है कि जिस प्रकार से हुनमान जी ने कालनेमि का पता लगाकर उसको यमपुरी पहुचाया, उसी प्रकार से यह यात्रा फर्जी शंकराचार्यों और कालनेमि बने घूम रहे संतों का पर्दाफाश करेगी। स्वामी गोविन्दानंद सरस्वती ने बताया कि जनवरी माह में यात्रा का शुभारम्भ होगा और देश भर में इस यात्रा के माध्यम से कालनेमियों को उजागर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थान-स्थान पर पत्रकार वाताओं के माध्याम से फर्जी शंकराचार्यों और कालनेमियों की करतूतों को सनातन धर्मावलम्बियों को अवगत कराने का कार्य किया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस के मद्देनजर फतेहाबाद पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान


लोकतंत्र की शान



**फतेहाबाद।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने हेतु रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिला फतेहाबाद में होटल, धर्मशालाओं, झुग्गी-झोपडियों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की गई। पुलिस का उद्देश्य संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखना, असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना रहा। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने होटल व धर्मशालाओं में ठहरे लोगों के रिकॉर्ड, पहचान पत्र तथा रजिस्टर की जांच की। संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे बिना पहचान सत्यापन के किसी भी व्यक्ति को ठहरने की अनुमति न दें तथा नियमों के अनुसार रजिस्टर में सही विवरण दर्ज करें। इसके साथ ही झुग्गी-झोपडियों में भी पुलिस द्वारा डोर-टू-डोर चेकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान सत्यापित की गई और आवश्यक पूछताछ की गई। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष जांच अभियान चलाया गया। यहां संदिग्ध व्यक्तियों का पहचान सत्यापन किया गया, प्लेटफॉर्म क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई तथा लावारिस सामान की जांच की गई। इसी प्रकार बस स्टैंड व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी सघन चेकिंग करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क नजर रखी गई। इस विशेष सुरक्षा व्यवस्था में कुल 1055 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई, जिन्हें अलग-अलग स्थानों पर तैनात कर सतर्क निगरानी सुनिश्चित की गई। प्रमुख चौराहों, संवेदनशील इलाकों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस गश्त भी बढ़ाई गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और जिले को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है तथा सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

## फतेहाबाद : शादी नहीं करने पर आत्महत्या की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान



**फतेहाबाद।** शादी के लिए दबाव डालने और धमकियां देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरपाल खां निवासी फतेहपुरी के रूप में हुई है। रविवार को थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि महिला शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पिछले कुछ समय से लगातार उस पर शादी के लिए दबाव डाल रहा था और धमकियां दे रहा था। आरोपी ने कहा कि यदि वह उससे शादी नहीं करेगी तो वह आत्महत्या करेगा और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाएगा। इसके साथ ही आरोपी ने जातिगत अपशब्दों का प्रयोग करते हुए हिंसक धमकियां भी दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए पीड़िता का बयान महिला अधिवक्ता की उपस्थिति में दर्ज किया। जांच में पाया गया कि आरोपी का व्यवहार महिला के लिए मानसिक और शारीरिक प्रताडऩा का कारण बना। जांच के आधार पर थाना सदर टोहाना में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने अब आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## फरीदाबाद : पुलिस संयुक्त आयुक्त राजेश दुग्गल राष्ट्रपति पदक से होंगे सम्मानित

लोकतंत्र की शान




**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के पुलिस संयुक्त आयुक्त राजेश दुग्गल को विशिष्ट एवं अतुलनीय सेवाओं केलिए गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इससे पूर्व उन्हें पुलिस विभाग में उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए गणतंत्र दिवस 2014 में इस अवार्ड से सम्मानित किया गया था। गौरतलब है कि संयुक्त पुलिस आयुक्त फरीदाबाद राजेश दुग्गल हरियाणा पुलिस विभाग के एक अत्यंत अनुभवी, कर्तव्यनिष्ठ एवं साहसी अधिकारी हैं। उन्होंने 9 दिसंबर 1993 को हरियाणा पुलिस में अपनी सेवाएं प्रारंभ की। अपनी प्रभावशाली कार्यशैली, साहस, अनुशासन, कर्तव्यों के प्रति पूर्ण समर्पण एवं बेदाग छवि के कारण वे पुलिस विभाग में विशेष पहचान रखते हैं। लगभग 32 वर्षों के अपने गौरवशाली सेवाकाल में उनका सर्विस रिकॉर्ड अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान राजेश दुग्गल ने विभिन्न आंदोलनो, धरना प्रदर्शनों, हडताल, राजनीतिक गतिविधियों के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने, अतिमहत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा, लोकसभा, विधानसभा व अन्य चुनावों में पुलिस प्रबंधन, धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों/मेलों में सुरक्षा व्यवस्था, संगीन अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़, कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तथा पुलिस कर्मियों के कल्याण जैसे अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य किए हैं। जिन्होंने पुलिस अधीक्षक झज्जर व पलवल रहते हुये नशीले/मादक पदार्थ व अवैध हथियारो की तस्करी/कब्जा में रखने / बेचने वाले आरोपियों के विरुध एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के अंर्तगत उल्लेखनीय एंव सराहनीय कार्रवाई की है। उनके उत्कृष्ट कार्यों के परिणामस्वरूप उन्हें समय-समय पर पुलिस विभाग एवं सरकार द्वारा अनेक पुरस्कार एवं पदकों से सम्मानित किया गया है। राजेश दुग्गल, भा.पु.से. हरियाणा पुलिस में रोहतक, रेवाड़ी, झज्जर, पलवल, पानीपत व नूंह जैसे जिलों में पुलिस अधीक्षक/पुलिस कप्तान के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। जिनमें से पलवल व झज्जर में दो-दो बार पुलिस अधीक्षक/पुलिस कप्तान के पद पर नियुक्त रहे है। इसके अतिरिक्त वे गुरुग्राम में पुलिस उपायुक्त (अपराध) तथा पुलिस कमीशनरेट फरीदाबाद में चार बार पुलिस उपायुक्त के रूप में (सेंट्रल जोन, मुख्यालय एवं पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ जोन) नियुक्त रहे हैं।

## आरएएफ की टीम ने फरीदाबाद पुलिस के जवानों को दिया दंगों से निपटने का प्रशिक्षण

लोकतंत्र की शान



**फरीदाबाद।** एडीजीपी चारु बाली ने रविवार को पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता व अन्य फील्ड अधिकारियों के साथ पुलिस आयुक्त कार्यालय में कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। बैठक के दौरान पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला फरीदाबाद में लॉ एंड ऑर्डर की छह कंपनियां बनाई हुई है। इनमें एक महिला कंपनी भी शामिल है। प्रत्येक कंपनी में 107 के करीब जवान नियुक्त किए हुए हैं तथा शॉर्ट नोटिस पर कंपनियां ड्यूटी के लिए तुरंत पहुंचती है। इन कंपनियों का ट्रेनिंग प्रोग्राम भी निर्धारित किया हुआ है तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उनका प्रशिक्षण लगातार चल रहा है, जवानों को ट्रेनिंग के दौरान विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, अभिषेक जोरवाल ने बताया कि 19 से 24 जनवरी तक पुलिस लाइन सेक्टर 30 में रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने कंपनियों के जवानों को प्रशिक्षित किया है। इस दौरान जवानों को दंगा विरोधियों से निपटने के लिए विशेष टिप्स बताए गए हैं। एडीजीपी चारु बाली ने कहा कि जिला फरीदाबाद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात है और फरीदाबाद पुलिस के अधिकारी व जवान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सशक्त हैं।कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ फरीदाबाद पुलिस, महिला विरुद्ध अपराधों में भी त्वरित कार्रवाई कर रही है। गोष्ठी के दौरान सतेंद्र कुमार गुप्ता, पुलिस आयुक्त फरीदाबाद, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, पुलिस उपायुक्त एनआईटी मकसूद अहमद, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, उषा, पुलिस उपयुक्त बल्लभगढ़ राजकुमार तथा सहायक पुलिस आयुक्त अपराध 2, ओल्ड, बल्लभगढ़, बडख़ल सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में बताया की भक्ति और वैराग्य के माध्यम से प्रभु दर्शन संभव

लोकतंत्र की शान





**सीधी ।** भक्ति के साथ जब वैराग्य का समावेश होता है तब प्रभु का दर्शन होता है। वैराग्य किसी के कहने और समझाने से नही वल्कि स्वंय के आत्मनिर्णय से होता है। प्रसंग से भक्तो को जोड़ते हुए पूजापार्क सीधी में चल रही कथा के यशस्वी कथा प्रवक्ता वृन्दावनोपासक पं बालाव्यंकटेश शास्त्री जी महराज ने कहा कि ध्रुव जी में मान की चाह नही थी इसलिए उनको ध्रुवलोक से विमान आया था। कथा व्यास जी ने आगे कहा कि कि हमारे भारत की माताओं को सुनीत और सुमित्रा जैसा होना चाहिए तभी हमारे संस्कार और संस्कृति की रक्षा होनी चाहिए। कथा के प्रारंभ में श्रीकृष्ण रसामृत सेवा समिति पूजापार्क के भक्तगण लालमणि सिंह चौहान, सुरेन्द्र सिंह बोरा, प्राचार्य रामेश्वर पाण्डेय, प्राचार्य एस एन त्रिपाठी, कवि अंजनी सिंह सौरभ एवं मंच संचालक सचिव डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस ने व्यास पीठ और व्यास जी महराज का माल्यार्पण से स्वागत वन्दन किया। कथा प्रसंग को बढाते हुए महराज जी ने बताया कि भगवान का नाम भाव कुभाव किसी तरह से लें परमात्मा का काम है भक्तों का कल्याण करना।कैसे? जैसे आग को आप चाहे जान में या अंजान में स्पर्श करो तो उसका गुण है जलाना। बस ऐसे ही भगवान अपने भक्तों पर अनुग्रह करते हैं।कथा क्रम में महराज जी ने सूक्त मंत्र दिया कि भगमान प्रभाव का भूखा नही वल्कि सुभाव का प्रेमी है।चूँकि अपेक्षा से उपेक्षा होती है। इसलिए भगवान के सत भक्तों को इससे बचना चाहिए। कथा के उपसंहार में कथा व्यास जी ने श्री कृष्ण के प्रागटोत्सव के गूढ रहस्य और रहस्य की परते खोलते हुए ऐसे दिव्य दर्शन का दर्शन कराया कि भक्तगण भाव विभोर हो गये।मंच पर सुन्दर श्रीकृष्ण का शिशु स्वरूप लाकर धूम धाम के साथ कन्हैया का अवतरणोत्सव मनाया गया।कन्हैया के प्रागटोत्सव विषयक श्लोक और भजन कीर्तन कहकर ऐसा उत्सव मनाया गया कि लगा कि पूजापार्क में वृन्दावन मथुरा का प्रणम्य दृश्य उतर आया है। कथा का पंडाल खचाखच भरा रहा और भक्तगण श्रीकृष्ण रसामृत का पान भजन कीर्तन के माध्यम से करते रहे।

## बर्फबारी ने बढ़ाई उत्तराखंड पर्यटन की रौनक, सैलानी पहुंचे दयारा और केदारकांठा

लोकतंत्र की शान



**उत्तरकाशी।** साल की पहली बर्फबारी होते ही सैलानियों और स्थानीय लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मौसम ने ऐसा रंग दिखाया कि पूरा पहाड़ बर्फ की सफेद चादर में लिपट गया। उत्तरकाशी के स्नो व्यू, केदारकांठा, हर्षिल, दयारा क्षेत्र और चौरंगी जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में पहले हल्की बर्फबारी हुई। जिससे प्रदेशभर में पर्यटन गतिविधियों में तेजी आ गई है। लंबे इंतजार के बाद हुई इस बर्फबारी से न केवल स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे पर्यटकों के लिए भी यह यादगार अनुभव बन गया है। बर्फबारी के बाद दयारा बुग्याल और केदारकांठा जैसे प्रमुख विंटर टूरिज्म डेस्टिनेशन सैलानियों से गुलजार हो उठे हैं। होटलों और होमस्टे में लगभग पूरी बुकिंग हो चुकी है, वहीं टूर एंड ट्रेकिंग ऑपरेटरों की मांग भी तेजी से बढ़ी है। बर्फ गिरते ही प्रदेश के पहाड़ी पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की आवाजाही में इजाफा देखा जा रहा है। गंगोत्री धाम की हर्षिल घाटी के साथ-साथ दयारा बुग्याल क्षेत्र में ट्रेकरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्थानीय होमस्टे संचालकों के अनुसार, रैथल, बार्सू और नटीन गांवों से जाने वाले ट्रैकों पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच चुके हैं। पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि इस बर्फबारी से प्रदेश की आर्थिकी को मजबूती मिलेगी। स्थानीय युवाओं को होमस्टे, गाइड, ट्रेकिंग और परिवहन के माध्यम से रोजगार मिल रहा है। टूर ऑपरेटरों के अनुसार आने वाले दिनों में यदि मौसम अनुकूल रहा तो पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश में बर्फबारी के बाद प्रशासन ने भी पर्यटकों से अपील की है कि वे पहाड़ी क्षेत्रों की यात्रा से पहले मौसम और सड़क स्थिति की जानकारी अवश्य लें तथा सुरक्षित यात्रा नियमों का पालन करें।

## राजस्थान में जमा देने वाली ठंड, सीकर में पारा -2.4 डिग्री तक लुढ़का

लोकतंत्र की शान



**जयपुर।** राजस्थान में दो दिन पहले हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद अब प्रदेश भीषण शीतलहर की चपेट में आ गया है। बर्फीली हवा के कारण कई जिलों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया है। शेखावाटी अंचल में हालत सबसे ज्यादा खराब हैं, जहां खेतों और वाहनों पर बर्फ जम रही है। शनिवार रात को सीकर में न्यूनतम तापमान -2.4 डिग्री सेल्सियस मापा गया, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान है। वहीं फतेहपुर सहित आसपास के इलाकों में भी पारा माइनस में रहा। रविवार सुबह खुले इलाकों, खेतों और पाइपों में जमी बर्फ ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के सात जिलों में शीतलहर की चेतावनी जारी की है। बर्फीली हवा के चलते गलन भरी सर्दी महसूस की जा रही है। प्रदेश के सात जिलों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। हालांकि 26 जनवरी को मौसम साफ रहने और कोल्ड वेव से कुछ राहत मिलने की संभावना जताई गई है, लेकिन 27 जनवरी को उत्तर-पूर्वी राजस्थान में फिर से मौसम बदल सकता है। विभाग ने बादल छाने, तेज हवाएं चलने, बारिश और कहीं-कहीं ओले गिरने की चेतावनी जारी की है। सीकर, डीडवाना, फतेहपुर और शेखावाटी के अन्य इलाकों में फसलों पर बर्फ जमने से नुकसान की आशंका बनी हुई है। शनिवार सुबह भी खेतों में ओस और बर्फ जमी रही। कई किसान फसलों को बचाने के लिए तिरपाल और कपड़ों से ढकने को मजबूर हैं। डीडवाना के मकराना क्षेत्र में खेतों के सिंचाई पाइपों में बर्फ जम गई, जिससे खेती कार्य प्रभावित हुआ है। मनाना गांव में फसलों के खराब होने की सूचना भी सामने आई है। पिछले 24 घंटों में आसमान साफ रहने के बावजूद ठंड से राहत नहीं मिली। धूप निकलने के बाद भी दोपहर से तेज सर्द हवा चलने लगीं, जिससे लोगों की धूजणी छूट गई। सीकर, झुंझुनूं और हनुमानगढ़ में अधिकतम तापमान महज 14 से 14.2 डिग्री सेल्सियस के बीच मापा गया, जिससे दिन में भी रात जैसी सर्दी महसूस की गई। अलवर में शनिवार रात न्यूनतम तापमान चार डिग्री रहा। अजमेर में सीजन की तीसरी मावठ के बाद गलन और ठिठुरन बनी हुई है, रविवार सुबह तापमान 7.2 डिग्री रहा। जयपुर, भरतपुर, दौसा, चूरू और नागौर में भी शीतलहर का असर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक शीतलहर और गलन का असर बना रह सकता है।

## 'मन की बात' का हर एपिसोड समाज को नई दिशा और प्रेरणा देताः मुख्यमंत्री धामी

लोकतंत्र की शान



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दून लाइब्रेरी, परेड ग्राउंड के निकट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 130वें एपिसोड को सुना। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देश को सकारात्मक सोच और सेवा भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' को आमजन का कार्यक्रम बनाकर समाज के उन लोगों को देश-दुनिया से परिचित कराया है, जो सामान्य परिस्थितियों में भी निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम से लोगों को नई प्रेरणा मिलती है और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी बढ़ती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत इनोवेशन, साइंस, टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में एआई हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा, जिससे कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों में बड़ा बदलाव आएगा। राज्य में एआई के उपयोग को बढ़ाने के लिए संबंधित विभाग लगातार कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तराखंड में कई ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए गए हैं, जिनसे राज्य की देशभर में अलग पहचान बनी है। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हुए एक वर्ष पूरे हो जाएंगे, जो 2022 विधानसभा चुनाव से पहले किए गए वादे की पूर्ति का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सीमावर्ती और सामरिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य है, साथ ही चारधाम, गंगा और यमुना की उद्गम स्थली भी है। ऐसे में राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान कानून आवश्यक था। उन्होंने सभी से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक खजान दास, विधायक सुरेश गढ़िया सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नाटो देशों की नाराजगी के बाद ट्रम्प ने बदला सुर, ब्रिटिश सैनिकों की तारीफ की

# कहा- अफगानिस्तान में जो शहीद हुए, वे महान योद्धा

एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी

अफगानिस्तान युद्ध में NATO की भूमिका पर विवादित बयान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने डैमेज कंट्रोल की कोशिश की है। शनिवार को उन्होंने ब्रिटिश सैनिकों की तारीफ करते हुए अफगानिस्तान युद्ध में उनकी कुर्बानियों को याद किया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ब्रिटेन के महान और बेहद बहादुर सैनिक हमेशा अमेरिका के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में 457 ब्रिटिश सैनिक मारे गए, कई गंभीर रूप से घायल हुए और वे दुनिया के सबसे महान योद्धाओं में शामिल थे। ट्रम्प का यह बयान उस विवाद के बाद आया है, जब उन्होंने इस हफ्ते एक इंटरव्यू में कहा था कि NATO देशों ने अफगानिस्तान में सीमित भूमिका निभाई और वे फ्रंटलाइन से दूर रहे। उनकी इस टिप्पणी से NATO के सहयोगी देशों में नाराजगी फैल गई थी।



**ब्रिटेन ने ट्रम्प के बयान को अपमानजनक बताया था:** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने ट्रम्प के बयान को "अपमानजनक और बेहद आपत्तिजनक" बताया। अफगानिस्तान युद्ध में हिस्सा ले चुके प्रिंस हैरी ने भी कहा कि NATO सैनिकों की कुर्बानियों को सम्मान और सच्चाई के साथ याद किया जाना चाहिए। स्टार्मर ने शनिवार को ट्रम्प से फोन पर बात की। डाउनिंग स्ट्रीट के मुताबिक, बातचीत में अफगानिस्तान में साथ लड़ने वाले ब्रिटिश और अमेरिकी सैनिकों की बहादुरी और बलिदान पर चर्चा हुई।

**आतंकी हमले के बाद अमेरिका ने NATO देशों से मदद ली:** 11 सितंबर 2001 को अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ था। अल-कायदा के आतंकियों ने चार यात्री विमानों को हाईजैक किया। इनमें से दो विमान न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की जुड़वां इमारतों से टकराए, एक विमान पेंटागन से और चौथा विमान पेंसिल्वेनिया में गिरा। इन हमलों में करीब 3,000 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद अमेरिका ने इसे सिर्फ आतंकी हमला नहीं, बल्कि अपने देश पर सीधा युद्ध बताया। इसी के बाद अमेरिका ने NATO से औपचारिक मदद मांगी। NATO ने पहली बार अपने इतिहास में आर्टिकल 5 लागू किया। इस आर्टिकल के तहत यह माना जाता है कि संगठन के किसी एक सदस्य देश पर हमला, सभी सदस्य देशों पर हमला माना जाएगा।

आर्टिकल 5 लागू होते ही ब्रिटेन, इटली, डेनमार्क समेत NATO के कई सदस्य और साझेदार देश अमेरिका के समर्थन में अफगानिस्तान पहुंचे। अमेरिका का कहना था कि अल-कायदा को अफगानिस्तान में तालिबान का संरक्षण मिला हुआ है। इसके बाद करीब 20 साल तक NATO देशों की सेनाएं अमेरिकी फौज के साथ अफगानिस्तान में रहीं।




## गोल्डन टेंपल सरोवर में कुल्ला करने वाले की सीसीटीवी फुटेज

एजेंसी, अमृतसर

पंजाब के अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल के पवित्र सरोवर में कुल्ला करने वाले मुस्लिम युवक सुब्हान रंगरीज की CCTV फुटेज सामने आई हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) ने यह फुटेज निकाली है। इसमें स्पष्ट दिख रहा है कि युवक गोल्डन टेंपल में माथा टेकने नहीं आया था। वह सिर्फ इंस्टाग्राम रील के लिए यहां वीडियो शूट करने के लिए आया था। इसी आधार पर SGPC ने माना कि वह गोल्डन टेंपल में बेअदबी की नीयत से आया था। इस वजह से उसके खिलाफ अमृतसर में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। युवक अभी गाजियाबाद पुलिस की हिरासत में है। निहंगों ने धार्मिक भावना आहत करने के आरोप में उसे पकड़ा और पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया था। हालांकि युवक 2 बार माफी मांग चुका है। मगर, पहली बार जेब में हाथ और दूसरी बार भी उसके तरीके से सिख समुदाय ने माफी को सही नहीं माना और अब उसके खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में BNS की धारा 298 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।



**माथा नहीं टेका, सिर्फ वीडियो बनाई, कल निहंगों ने पीटा आज यूपी से लाया जाएगा**

## 7 वर्षीय भाई ने खोला बहन के मर्डर का राज

एजेंसी, फरीदाबाद

फरीदाबाद में साढ़े 4 साल की वंशिका के मर्डर का राज उसके ही 7 साल के भाई ने खोला। भाई ने अपनी मां को बताया कि बहन 50 तक उल्टी गिनती नहीं लिख पाई, जिसके बाद पिता ने बेलन से उसकी जमकर पिटाई की। सिर जमीन पर पटक कर मारा। इस पिटाई के बाद पति ने पत्नी को कहा था कि बच्ची सीढ़ियों से गिर गई।, जिससे उसकी मौत हो गई। पत्नी सच भी मान बैठी थी, लेकिन 7 साल के बेटे ने सारा राज खोल दिया। उसी के बाद पत्नी ने पति के खिलाफ सेक्टर-58 थाने में शिकायत दी।

आरोपी पिता ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने 1 दिन के रिमांड के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है। दूसरी तरफ महिला अपने बेटे को लेकर किराये का मकान छोड़कर चली गई।

**पति नाइट तो पत्नी डे शिफ्ट में काम करती थी:** सेक्टर 58 थाना पुलिस के अनुसार, यह घटना झाड़सेतली गांव में हुई। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले का रहने वाला कृष्ण जयसवाल (31) अपनी पत्नी रंजीता और तीन बच्चों के साथ यहां किराए पर रहता था। कृष्ण और रंजीता दोनों एक निजी कंपनी में हेल्पर के तौर पर काम करते हैं। कृष्ण रात की शिफ्ट में काम करता है, जबकि रंजीता दिन की शिफ्ट में। इस वजह से, जब एक काम पर जाता था, तो दूसरा घर पर रहकर बच्चों की देखभाल करता था।

## अविमुक्तेश्वरानंद बोले- कितने भी जुल्म कर लो, पीछे नहीं हटूंगा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच 7 दिनों से विवाद जारी है। शिविर में युवकों के हंगामे पर अविमुक्तेश्वरानंद ने पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा- हमारे ऊपर आक्रमण इसलिए किया गया है, क्योंकि हम गो-रक्षा की बात कर रहे हैं। हम इनकी (भाजपा) आंख की किरकिरी बन गए हैं, कितना भी परेशान करें, मैं पीछे नहीं हटूंगा। जितना हमारे ऊपर जुल्म होगा, उतनी ही मजबूती से कदम उठाऊंगा। दरअसल,शनिवार रात कट्टर सनातनी सेना नाम के संगठन के 8 से 10 युवक भगवा झंडा लिए नारे लगाते पहुंच गए थे। शंकराचार्य के शिविर में घुसने की कोशिश की। 'आई लव बुलडोजर बाबा' और 'योगी जिंदाबाद' के नारे लगाने लगे। अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों से धक्का-मुक्की भी हुई। 15 मिनट तक हंगामा चला। संगठन का प्रमुख सचिन सिंह नाम का व्यक्ति बताया जा रहा है। इसके बाद शंकराचार्य के शिष्यों ने शिविर को चारों तरफ से ढंक दिया। अंदर जाने के रास्ते ब्लॉक कर दिए।

शंकराचार्य के शिविर प्रभारी ने थाने में शिकायत दी है। कहा है कि असामाजिक लोग लाठी-डंडे और झंडे लेकर आए थे। जबरन शिविर में घुसकर मारपीट करने पर उतारू थे। शिविर में मौजूद सेवकों ने उन्हें समझाकर बाहर निकाल दिया, लेकिन हालात काफी गंभीर थे। बड़ी घटना हो सकती थी।













# 77वां गणतंत्र दिवस 2026:वंदे मातरम के 150 वर्ष,आत्मनिर्भर भारत और बदलती वैश्विक भूमिका का ऐतिहासिक संगम- एक समग्र विश्लेषण



लोकतंत्र की शान

» भारतीय सेना के पशु दल पहली बार कर्तव्य पथ पर मार्च करेंगे, जिसमें बैक्ट्रियन ऊंट,ज़ांस्कर टट्टू, शिकारी पक्षी और स्वदेशी कुत्तों की नस्लें शामिल होंगी

» भारत अपनी जड़ों से शक्ति लेकर भविष्य की ओर बढ़ रहा है। 77वां गणतंत्र दिवस वास्तव में भारत की बदलती वैश्विक भूमिका और अटूट राष्ट्रीय आत्मा का उत्सव होगा- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र




**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारत एक बार फिर इतिहास के ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ा है,जहां परंपरा और भविष्य एक-दूसरे से हाथ मिलाते दिखाई दे रहे हैं।26 जनवरी 2026 को भारत अपना 77वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है और इस बार यह समारोह केवल एक संवैधानिक उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना,सांस्कृतिक पुनर्जागरण और वैश्विक कूटनीति का भव्य प्रदर्शन बनने जा रहा है। कर्तव्य पथ पर होने वाला यह आयोजन भारत की उस यात्रा का प्रतीक है,जिसमें वह औपनिवेशिक विरासत से निकलकर आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह विशेष इसलिए भी है क्योंकि यह भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत न केवल स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा रहा, बल्कि इसने भारतीय राष्ट्रवाद को एक सांस्कृतिक और भावनात्मक आधार प्रदान किया। 2026 में जब कर्तव्य पथ पर 'वंदे मातरम' की गूंज सुनाई देगी, तब वह केवल एक गीत नहीं होगा, बल्कि डेढ़ सौ वर्षों के संघर्ष,बलिदान और संकल्प का सामूहिक स्मरण होगा। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यहमानता हूं कि यह सर्वेविदित है कि 26 जनवरी का दिन हर भारतीय के लिए गर्व, आत्मसम्मान और संविधान के प्रति निष्ठा का दिन होता है। यह वह दिन है जब भारत ने स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। 77 वर्षों की इस संवैधानिक यात्रा में भारत ने अनेक चुनौतियों का सामना किया, आर्थिक असमानता सामाजिक विविधता, सीमाई संघर्ष और वैश्विक दबाव। इसके बावजूद भारत ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखते हुए निरंतर प्रगति की है। 2026 का गणतंत्र दिवस इसी लोकतांत्रिक परिपक्वता का उत्सव है।इस बार का समारोह पिछले वर्षों से कई मायनों में अलग और विशिष्ट होने वाला है। सबसे बड़ा प्रतीकात्मक परिवर्तन यह है कि कर्तव्य पथ पर दर्शकों के लिए वीआईपी लेबल को समाप्त कर दिया गया है।यह निर्णय भारतीय लोकतंत्र की उस भावना को सशक्त करता है, जिसमें सभी नागरिक समान हैं। दर्शक दीर्घाओं को अब गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा जैसी भारतीय नदियों के नाम दिए गए हैं। यह कदम न केवल सांस्कृतिक एकता को दर्शाता है,बल्कि भारत की भौगोलिक,सभ्यतागत और पारिस्थितिक चेतना को भी रेखांकित करता है। साथियों बात अगर हम 26 जनवरी 2026 के 77वें गणतंत्र दिवस की थीम को समझने की करें तो, मुख्य विषय वंदे मातरम रखा गया है,जबकि आत्मनिर्भर भारत को द्वितीयक विषय के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।यह विषय चयन अपने आप में गहरा संदेश देता है।वंदेमातरम जहां भारत की आत्मा,संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति है, वहीं आत्मनिर्भर भारत भविष्य की ओर देखता हुआ संकल्प है। यह बताता है कि भारत अपनी जड़ों से जुड़कर ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ना चाहता है। साथियों बात कर हम 2026 के गणतंत्र दिवस समारोह को अंतरराष्ट्रीय परिपेक्ष में समझने की करें तो यह इस दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से ठीक पहले यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना भारत की वैश्विक कूटनीतिक स्थिति को रेखांकित करता है। यह उपस्थिति केवल औपचारिक नहीं, बल्कि संकेत है कि भारत अब वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक संतुलन में एक केंद्रीय भूमिका निभा रहा है।यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी यह दर्शाती है कि भारत-यूरोप संबंध अब केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वे साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, तकनीकी सहयोग, रक्षा साझेदारी और वैश्विक स्थिरता के मुद्दों तक विस्तृत हो चुके हैं। गणतंत्र दिवस के मंच से यह संदेश जाएगा कि भारत किसी एक ध्रुव के साथ नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में संतुलन बनाने वाला प्रमुख स्तंभ है। साथियों बातें कर हम सैन्य परेड को समझने की करें तो यह इस बार भी समारोह का केंद्र बिंदु होगी,लेकिन2026 की परेड कई ऐतिहासिक नवाचारों के साथ सामनेआएगी भारतीय सेना के पशु दल पहली बार कर्तव्य पथ पर मार्च करेंगे, जिसमें बैक्ट्रियन ऊंट, ज़ांस्कर टट्टू, शिकारी पक्षी और स्वदेशी कुत्तों की नस्लें जैसे मुधोल और राजपालयम शामिल होंगी।यह केवल एक दृश्यात्मक आकर्षण नहीं बल्कि भारत की पारंपरिक सैन्य विरासत और जैवविविधता के प्रति सम्मान का प्रतीक है।सैन्य परेड में पहली बार बैटल ऐरे फॉर्मेट का प्रदर्शन किया जाएगा, जो आधुनिक युद्ध रणनीतियों, नेटवर्क-केंद्रित युद्ध और स्वदेशी रक्षा तकनीक की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। यह संदेश स्पष्ट होगा कि भारत न केवल हथियारों का आयातक नहीं, बल्कि रक्षा उत्पादन और नवाचार का उभरता हुआ वैश्विक केंद्र है। आत्मनिर्भर भारत की यह झलक भारत की सामरिक स्वतंत्रता को मजबूती प्रदान करती है।कर्तव्य पथ पर इस वर्ष कुल 30 झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता, राज्यों की विशिष्ट पहचान, तकनीकी प्रगति और सामाजिक नवाचारों को दर्शाएंगी। ये झांकियां केवल परंपरा का प्रदर्शन नहीं होंगी, बल्कि यह दिखाएंगी कि कैसे भारत अपनी विरासत को आधुनिक विकास के साथ जोड़ रहा है। साथियों बातें कर हम गणतंत्र दिवस 2026 में जनभागीदारी को विशेष महत्व को समझने की करें तो देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 10,हज़ार नागरिकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है,जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 2,500 कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यह सहभागिता यह संदेश देती है कि गणतंत्र दिवस केवल सत्ता का उत्सव नहीं, बल्कि जनता का पर्व है।सरकार द्वारा माय भारत पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को वंदे मातरम गायन और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर दिया गया है। यह डिजिटल माध्यम नई पीढ़ी को राष्ट्रीय प्रतीकों से जोड़ने का सशक्त प्रयास है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारत का राष्ट्रवाद समावेशी है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है।77वां गणतंत्र दिवस समारोह यह भी दर्शाता है कि भारत अपनी पहचान को केवल अतीत में नहीं खोजता, बल्कि भविष्य के लिए नए प्रतिमान स्थापित करता है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होना हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि सतत जिम्मेदारी है। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प इसी जिम्मेदारी की आधुनिक अभिव्यक्ति है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह समारोह भारत की उस छवि को प्रस्तुत करेगा, जो सांस्कृतिक रूप से समृद्ध, सैन्य रूप से सक्षम, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और लोकतांत्रिक रूप से सशक्त है। यह आयोजन यह संदेश देगा कि भारत न तो आक्रामक राष्ट्रवाद में विश्वास करता है और न ही निर्भरता में,बल्कि सहयोग, संतुलन और आत्मसम्मान के रास्ते पर चलता है। साथियों बात कर हम 26 जनवरी को राष्ट्रपति द्वारा और 15 अगस्त को प्रधानमंत्री द्वारा झंडा वंदन करने को समझने की करें तो 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को राष्ट्रपति इसलिए संबोधन देती हैं क्योंकि राष्ट्रपति देश की संवैधानिक प्रमुख होती हैं।26 जनवरी को संविधान लागू हुआ था, और संविधान के सर्वोच्च संरक्षक राष्ट्रपति होते हैं।इस दिन राष्ट्र राज्य का उत्सव मनाता है,न कि सरकार का इसलिए यह भूमिका राष्ट्रपति की होती है।राष्ट्रपति सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर भी होती हैं, जबकि परेड उसी का प्रतीक है।वहीं 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) को प्रधानमंत्री लाल किले से बोलते हैं क्योंकि वह सरकार के प्रमुख होते हैं।यह दिन आज़ादी और सरकार की नीतियों,उपलब्धियों से जुड़ा होता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि 26 जनवरी 2026 का दिन केवल एक तिथि नहीं,बल्कि एक विचार एक भावना और एक संकल्प है।कर्तव्य पथ पर जब वंदे मातरम की गूंज आत्मनिर्भर भारत की झलक के साथ मिलेगी,तब यह स्पष्ट होगा कि भारत अपनी जड़ों से शक्ति लेकर भविष्य की ओर बढ़ रहा है।77वां गणतंत्र दिवस वास्तव में भारत की बदलती वैश्विक भूमिका और अटूट राष्ट्रीय आत्मा का उत्सव होगा।


**-संकलनकर्ता लेखक-**
**क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
**9284141425**


# लोकतंत्र से नवाचार तक मन की बात का बदला हुआ स्वर और भारत की बदलती चेतना



लेखक-/कांतिलाल मांडोत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 130वां एपिसोड कई मायनों में खास रहा। इस बार का मन की बात केवल सरकारी योजनाओं का विवरण नहीं था बल्कि यह समाज को जोड़ने वाला एक भावनात्मक संवाद भी बना। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने लोकतंत्र के मूल में बसे मतदाता की भूमिका को रेखांकित किया और नए वोटरों के स्वागत को सामाजिक उत्सव बनाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने स्टार्टअप इंडिया की दस साल की यात्रा पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक प्रयासों की शक्ति को एक सूत्र में पिरोया। अगर पिछले मन की बात और इस बार के मन की बात की तुलना की जाए तो यह साफ दिखता है कि संवाद का फोकस अब योजनाओं से आगे बढ़कर नागरिक सहभागिता और सामाजिक जिम्मेदारी की ओर गया है। इस बार के मन की बात की शुरुआत मतदाता दिवस की शुभकामनाओं के साथ हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की आत्मा होता है। यह कथन केवल एक औपचारिक वाक्य नहीं था बल्कि इसके साथ उन्होंने एक व्यावहारिक और भावनात्मक सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि जब कोई युवा पहली बार वोटर बनता है तो पूरे मोहल्ले गांव या शहर को मिलकर उसे बधाई देनी चाहिए और मिठाई बांटनी चाहिए। यह विचार अपने आप में नया नहीं है लेकिन इसे राष्ट्रीय मंच से कहना लोकतंत्र को रोजमर्रा के जीवन से जोड़ने का प्रयास है। पिछले मन की बात में जहां अधिक जोर सरकारी पहलों और उपलब्धियों पर रहा था वहीं इस बार लोकतंत्र को सामाजिक संस्कार बनाने की बात सामने आई। पिछले एपिसोड में प्रधानमंत्री ने विकास योजनाओं और राष्ट्रीय उपलब्धियों का उल्लेख किया था। वहां स्वर अधिकतर सूचनात्मक था। इस बार का स्वर अधिक सहभागी और प्रेरक दिखा। मतदाता को केवल एक अधिकारधारी नागरिक नहीं बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति का वाहक बताया गया। यह बदलाव बताता है कि मन की बात अब केवल सरकार की बात नहीं रह गई है बल्कि समाज की बात बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। स्टार्टअप इंडिया पर प्रधानमंत्री की बात इस एपिसोड का एक और मजबूत स्तंभ रही। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। दस साल पहले जिन क्षेत्रों की कल्पना भी कठिन थी आज उन्हीं क्षेत्रों में भारतीय युवा नेतृत्व कर रहे हैं। एआई स्पेस सेमीकंडक्टर ग्रीन हाइड्रोजन बायोटेक्नोलॉजी और मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने युवाओं को सलाम किया। पिछले मन की बात में भी नवाचार का जिक्र हुआ था लेकिन इस बार यह जिक्र स्मृति और गर्व के भाव के साथ आया। सोशल मीडिया पर 2016 की तस्वीरें साझा करने के ट्रेंड को उन्होंने स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत से जोड़ा। इससे यह संदेश गया कि बीते दस वर्षों का सफर केवल सरकारी नहीं बल्कि युवाओं का सामूहिक सफर है। यहां भी तुलना करने पर फर्क साफ दिखता है। पहले नवाचार को नीति और योजना के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इस बार नवाचार को एक जनआंदोलन और युवा आकांक्षा के रूप में रखा गया। यह बदलाव मन की बात के स्वर को अधिक मानवीय बनाता है। पर्यावरण संरक्षण पर प्रधानमंत्री की बात इस एपिसोड में विशेष महत्व रखती है। उन्होंने तमसा नदी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे जनभागीदारी से एक नदी को नया जीवन मिला। इसी तरह आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में जलाशयों के पुनर्जीवन और हजारों पेड़ों के रोपण का उल्लेख किया। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमेशा बड़े अभियानों से ही नहीं होता बल्कि छोटे प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। बेनॉय दास और जगदीश प्रसाद अहिरवार जैसे व्यक्तियों का उदाहरण देकर उन्होंने यह दिखाया कि व्यक्तिगत संकल्प भी राष्ट्रीय परिवर्तन का आधार बन सकता है। पिछले मन की बात में पर्यावरण पर चर्चा अधिकतर अभियानों और आंकड़ों तक सीमित थी। इस बार पर्यावरण को लोगों की कहानी के रूप में पेश किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान का जिक्र करते हुए जब उन्होंने 200 करोड़ पेड़ों की बात कही तो यह केवल संख्या नहीं रही बल्कि सामूहिक चेतना का प्रतीक बन गई।

# भारत में एक नए उत्तरदायी राष्ट्र सूचकांक का निर्माण हुआ है



लेखक-/ प्रहलाद सबनानी

हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए नागरिकों को जागरूक किए जाने का प्रयास लगातार किया जाता रहा है और पश्चिमी सभ्यता के आधार पर केवल अधिकार के भाव को बढ़ावा नहीं दिया जाता है। हिंदू वेदों एवं पुराणों के अनुसार प्रत्येक राजा का यह प्रथम कर्तव्य है कि वह अपने राज्य में निवास कर रहे नागरिकों की समस्याओं को दूर करने का भरसक प्रयास करे ताकि उसके राज्य में नागरिक सुख शांति से प्रसन्नता पूर्वक निवास कर सकें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने "एकात्म मानववाद" के सिद्धांत को विकसित किया था। यह एक ऐसा सिद्धांत है जो व्यक्ति एवं समाज के बीच एक संतुलित सम्बंध स्थापित करने पर जोर देता है। एकात्म मानववाद का उद्देश्य प्रत्येक मानव को गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करना है एवं अंत्योदय अर्थात समाज के निचले स्तर पर स्थित व्यक्ति के जीवन में सुधार करना है। विशेष रूप से भारत में आज के परिप्रेक्ष्य में इस सिद्धांत का आशय यह भी है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य प्रत्येक राजनीतिक दल का होना चाहिए। परंतु, आज की पश्चिमी सभ्यता, जो पूंजीवाद पर आधारित नीतियों पर चलती हुई दिखाई देती है, के अनुसरण में मानव केवल अपने हितों का ध्यान रखता हुआ दिखाई देता हैं एवं अपना केवल भौतिक (आर्थिक) विकास करने हेतु प्रयासरत रहता है और उसमें अपने परिवार एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी के भाव का पूर्णतः अभाव दिखाई देता है। अतः विश्व के समस्त देशों द्वारा अपने नागरिकों एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व के निर्वहन को आंकने के उद्देश्य से भारत में उत्तरदायी राष्ट्र सूचकांक का निर्माण किया गया है। नई दिल्ली में दिनांक 20 जनवरी 2026 को उत्तरदायी राष्ट्र सूचकांक (Responsible Nations Index) का लोकार्पण किया गया। यह पहल देशों का मूल्यांकन केवल शक्ति अथवा समृद्धि से नहीं, बल्कि नागरिकों, पर्यावरण एवं वैश्विक समुदाय के प्रति उनके उत्तरदायित्व के निर्वहन के आधार पर करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। 21वीं सदी के लिए यह विमर्श समयोचित और आवश्यक है। उत्तरदायी राष्ट्र सूचकांक को पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने डॉक्टर अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में राष्ट्र को समर्पित किया। वैश्विक स्तर पर इस प्रकार का सूचकांक पहली बार बनाया गया है और इसे बनाने में भारत के ही विभिन्न संस्थानों ने अपना योगदान दिया है। इस सूचकांक के माध्यम से यह आंकने का प्रयास किया गया है कि विभिन्न देशों द्वारा अपने नागरिकों के हित में अपने अधिकारों का उत्तरदायित्वपूर्ण प्रयोग किस प्रकार किया जा रहा है (आंतरिक उत्तरदायित्व का निर्वहन), वैश्विक समुदाय के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन किस प्रकार किया जा रहा है (बाह्य उत्तरदायित्व का निर्वहन) एवं पर्यावरण को बचाने के लिए अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन किस प्रकार किया जा रहा है (पर्यावरण उत्तरदायित्व का निर्वहन)। उत्तरदायी राष्ट्र सूचकांक 7 आयाम, 15 दृष्टिकोण एवं 58 संकेतकों को शामिल करते हुए निर्मित किया गया है। विश्व के 154 देशों का इस सूचकांक के आधार पर मूल्यांकन किया गया है। सिंगापुर को इस सूचकांक की रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, इसके बाद स्विजरलैंड द्वितीय स्थान पर, डेनमार्क तृतीय स्थान पर, साइप्रस चौथे स्थान पर रहे हैं। भारत को 16वां स्थान प्राप्त हुआ है। विश्व के शक्तिशाली देशों का स्थान उत्तरदायी राष्ट्र सूचकांक की सूची में बहुत निचले स्तर पर पाया गया है। अमेरिका 66वें स्थान पर रहा है, जो लिबिया से भी एक पायदान नीचे है। जापान 38वें स्थान पर रहा है। पाकिस्तान 90वें स्थान पर, चीन 68वें स्थान पर एवं अफगानिस्तान 145वें स्थान पर रहा है। उत्तरदायी राष्ट्र सूचकांक का निर्माण मुख्य रूप से भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM), मुंबई एवं जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, दिल्ली ने मिलकर किया है। इस सूचकांक के निर्माण में 3 वर्षों तक लगातार कार्य किया गया है एवं उत्तरदायी राष्ट्र सूचकांक के निर्माण में विश्व बुद्धिजीवी प्रतिष्ठान का भी सहयोग लिया गया है। उक्त सूचकांक के निर्माण के लिए कुल 154 देशों से विभिन्न मापदंडों पर आधारित वर्ष 2023 तक के सम्बंधित आंकडें इक्ठे किये गए है एवं इन आंकड़ों एवं जानकारी का विश्लेषण करने के उपरांत इस सूचकांक का निर्माण किया गया है। यह आंकड़े एवं जानकारी विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र संघ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं खाद्य एवं कृषि संस्थान जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से लिए गए है। आज पूरे विश्व में विभिन्न देशों की आर्थिक प्रगति को सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर से आंका जाता है, यह मॉडल पूंजीवाद पर आधारित है एवं इस मॉडल के अनुसार देश में कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्रों में हुए उत्पादन को जोड़कर सकल घरेलू उत्पाद का आंकलन किया जाता है। इस मॉडल में कई प्रकार की कमियां पाई जा रही है। किसी भी देश में पनप रही आर्थिक असमानता, गरीबी रेखा से नीचे जीवन जी रहे नागरिकों की आर्थिक प्रगति, मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी एवं वित्तीय समावेशन जैसे विषयों पर उक्त मॉडल के अंतर्गत विचार ही नहीं किया जाता है। अमेरिका सहित विश्व के कई देशों में अब यह मांग की जा रही है कि आर्थिक प्रगति को आंकने के लिए सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि सम्बंधी मॉडल के स्थान पर एक नए मॉडल का निर्माण किया जाना चाहिए। भारतीय सनातन संस्कृति के अनुसार, किसी भी राष्ट्र में आर्थिक प्रगति तभी सफल मानी जाएगी जब पंक्ति में अंतिम पायदान पर खड़े नागरिक को भी समाज हित में बनाई जा रही आर्थिक नीतियों का लाभ पहुंचे। वर्तमान में, सकल घरेलू उत्पाद के अनुसार आर्थिक प्रगति आंकने के मॉडल में इस प्रकार की व्यवस्था नहीं है इसीलिए कई देशों में गरीब और अधिक गरीब हो रहे है तथा अमीर और अधिक अमीर हो रहे है। नए विकसित किए गए उत्तरदायी राष्ट्र सूचकांक में यह आंकने का प्रयास किया गया है कि शासन प्रणाली किस प्रकार से नैतिक धारणाओं को ध्यान में रखकर अपनी आर्थिक नीतियों का निर्माण कर रही है, राष्ट्र में समावेशी विकास हो रहा है अथवा नहीं एवं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने दायित्वों के निर्वहन के संदर्भ में सरकार द्वारा किस प्रकार की नीतियां बनाई जा रही हैं। साथ ही, धर्म आधारित सदाचार सम्बंधी भारतीय सभ्यता एवं वैश्विक सुख शांति स्थापित करने के सम्बंध में किस प्रकार देश की नीतियां निर्धारित की जा रही हैं, इस विषय को भी उत्तरदायी राष्ट्र सूचकांक के निर्माण में स्थान दिया गया है। पश्चिमी देशों की अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक प्रगति तो तेज गति से करती दिखाई देती हैं और कई पश्चिमी देश आज विकसित देशों की श्रेणी में शामिल भी हो गए हैं। परंतु, इन देशों में मानवतावादी दृष्टिकोण का पूर्णतः अभाव है। पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं में केवल "मैं" के भाव को स्थान प्राप्त है। "मैं" किस प्रकार आर्थिक प्रगति करुं, इस "मैं" के भाव में परिवार एवं समाज कहीं पीछे छूट जाता है। इससे पश्चिमी देशों में सामाजिक तानाबाना पूर्णतः छिन्न भिन्न हो रहा है। युवा वर्ग अपने माना पिता की देखभाल करने के लिए तैयार ही नहीं हैं।

# "क्रान्तिकारी प्रफुल्ल चाकी"



- डॉ.जया शुक्ला

सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को कुचल दिये जाने के बाद इस संग्राम के सेनापतियों की अंग्रेज़ों द्वारा शहादत हो जाने के कारण, कुछ वर्षों तक आमने-सामने वाले युद्ध तो नहीं हुए, परन्तु लोगों में आज़ादी के प्रति जागृति, और उसके लिए बेचैनी, पहले से कहीं अधिक थी, और भीतर ही भीतर कुछ ज़्यादा तेज़ीसे सुलग रही थी। ऐसे ही समय में श्री प्रफुल्ल चाकी जी का जन्म हुआ। 10 दिसम्बर, सन् 1888 को बंगाल के बोगरा ज़िले में श्री राजनारायण और श्रीमती स्वर्णमयी जी के यहाँ उनका जन्म हुआ। परिवार मध्यमवर्गीय धा, और उनके बचपन में ही पिता का निधन होगया, माँ को अकेले ही उन्हें पालना पड़ा। तब के समाज की मानसिकता का असर उनपर भी था, और अंग्रेज़ी शासन के प्रति नाराज़गी उनके मन में भी थी। परिवार में पिता के न रहने से जो कुछ कठिनाइयाँ झेलनी पड़ती थीं, उसने उनके विद्रोह को बढ़ाया। बचपन से ही प्रफुल्ल जी की रुचि और उत्सुकता क्रान्तिकारी गतिविधियों की ओर बन चुकी थी। स्कूल में पढ़ते हुए वह एक सांस्कृतिक संस्था "बान्धव समिति" के सकृय सदस्य थे। उन्हौंने विद्यार्थियों के एक प्रदर्शन में भाग लिया, जिसके फलस्वरूप उनको स्कूल से निकाल दिया गया। तब उन्हौंने रंगपुर नैशनल स्कूल में दाख़िला लिया, जहाँ उन्हें अपनी रुचि के अनुसार माहौल मिला। श्री वारीन्द्र कुमार घोष बंगाल के प्रसिद्ध क्रान्तिकारी हुए हैं, जो "युगान्तर" के संस्थापक थे। "युगान्तर" क्रान्तिकारी




देशभक्तों का संगठन था, जिसका नाम इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। श्री प्रफुल्ल चाकी जी की भेंट श्री वारीन्द्र कुमार घोष से हुई। श्री वारीन्द्र कुमार घोष ने प्रफुल्ल चाकी जी के भीतर के विद्रोह को पहचाना, साथ ही उन्हौंने प्रफुल्ल चाकी जी की सकृय क्रान्तिकारी के रूप में विदेशी हुकूमत के विरुद्ध कार्य करने की अदम्य इच्छा को भी जाना। वह श्री चाकी को अपने साथ कलकत्ता ले गये। वहाँ श्री प्रफुल्ल चाकी "युगान्तर" की गतिविधियों में भाग लेने लगे, और शीघ्र ही योग्य और मज़बूत क्रान्तिकारी गिने जाने लगे। उनको पहला कार्य सौंपा गया अत्याचारी सर फ़ुलर का अन्त करने का, जो दार्जिलिंग में रहने आ रहे थे। किन्तु किसी कारणवश सर फ़ुलर का कार्यक्रम बदल गया, और यह काम नहीं हो पाया। मुज़फ़्फ़रपुर में मजिस्ट्रेट डगलस किन्ग्सफ़ोर्ड थे, जो अत्याचारी तो थे ही, राष्ट्रीयता के कार्यक्रमों को बेहद क्रूरता से कुचलने के लिये बदनाम थे। क्रान्तिकारीगण उनको भी समाप्त करना चाहते थे। उन्हें पता चला कि 30 अप्रैल, 1908 को अंग्रेज़ लोगों की गाड़ियाँ एक विशेष रास्ते से गुज़रेंगी। यह भी पता लगा लिया गया था कि डगलस किन्ग्सफ़ोर्ड की कौन सी गाड़ी होगी। उस गाड़ी पर बम फैंक कर समाप्त करने का कार्य श्री प्रफुल्ल चाकी और श्री ख़ुदीराम बोस को सौंपा गया। उन दिनों "विक्टोरिया" नाम की घोड़ागाड़ियाँ होती थीं, जो बन्द होती थीं तो बाहर से भीतर का भाग नहीं दीखता था। संयोगवश डगलस किन्ग्सफ़ोर्ड की गाड़ी में उसके स्थान पर दो ब्रिटिश महिलायें बैठीं, और वह दूसरी गाड़ी में बैठे। क्रान्तिकारियों ने बम फैंका, और वह दोनों महिलाएँ मारी गईं। ख़ुदीराम बोस तो पकड़ लिये गये, जिन्हें बाद में फाँसी हुई, पर प्रफुल्ल चाकी फ़रार हो लिये। किन्तु अगले ही दिन, पहली मई, 1908 को पकड़ लिये गये। पुलिस के हाथ में आने के पहले ही उन्हौंने स्वयम् को गोली मार ली, ताकि पुलिस उनसे कोई भेद न जान पाये। इन महान देशभक्त की शहादत को कोटिकोटि नमन है।

